# मुख्यालय पर तीन दिन से पानी की किल्लत

## हैंडपंप का सहारा, कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार बेखबर, सालों पुरानी टंकी के जरिए होती है कस्बे में जलापूर्ति

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। कोई कल्पना कर सकता है कि ब्लाक मुख्यालय में ही लोग तीन दिन से पानी को तरस रहे हैं। कस्बे के अंदर लोग बूंद बूंद पानी का जुगाड़ कर रहे हैं और हैंडपंपों पर निर्भर हैं।

कस्बे के लोग कहते हैं कि हर गर्मी की शुरुआत से ही पानी की किल्लत होने लगती है। पहाड़ी की करीब बारह हजार की आबादी तीन दिन से पानी को तरस रही है। लोगों का कहना है कि अभी तो अप्रैल माह की शुरुआत है। जब मई-जून की भीषण गर्मी आएगी तब क्या होगा। कस्बा निवासी शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने बताया कि जल संस्थान यहां पर जलापूर्ति करता है। पर गर्मी में आपूर्ति अचानक हफ्ते-हफ्ते भर के लिए बंद हो जाती है और त्राहि-त्राहि मच जाती है। पुराने कुयें सूख गए हैं। हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चला जाता है। कई का पानी खारा निकलता है जिसे जानवरों को तो पिलाया जा सकता है लेकिन आदमी के पीने लायक नहीं। कस्बा पहाड़ी में लगभग 85 हैंडपंप हैं। इनमें करीब तीस हैंडपंप, जिसमें ब्लाक परिसर का शामिल है, खराब हैं।

जल संस्थान कार्यालय में भी अक्सर ताला पड़ा रहने की शिकायत गांववाले करते हैं। जल संस्थान दो बोर की सहायता से पूरे कस्बे में जलापूर्ति करता है। विगत पचास वर्ष पूर्व बनी पानी की टंकी की क्षमता कुल सौ कनेक्शन की है लेकिन अब करीब छः सौ घरों में जलापूर्ति इससे होती है। बढ़े लोड से बोर खराब हो गया, मोटर जल गई तो कम से कम तीन दिन मरम्मत में लग जाते हैं। इसी जल संस्थान से कुचारम ट्यूबवेल से बिसंडा रोड ब्लाक मुख्यालय की ओर जलापूर्ति जारी रहती है। लोगों का जब कहना होता है कि इसी से कस्बे में जलापूर्ति की जाए तो कर्मचारियों का रटा-रटाया जवाब होता है कि इससे नहीं बल्कि पालेश्वर नाथ इंटर कालेज के पास स्थित बोर से ही वहां के लोगों को जलापूर्ति की जाएगी। कस्बा निवासी इस्लाम मोहम्मद, प्रकाश कुशवाहा, शिवशंकर, अरविंद पाटकर आदि ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो जिलाधिकारी से मिलकर पेयजल आपूर्ति की दिक्कत बताएंगे और लापरवाह कर्मचारियों की शिकायत करेंगे।


इसी टंकी के सहारे होती है जलापूर्ति। अमृत विचार


जल संस्थान के कार्यालय पर लगा ताला। अमृत विचार

### नया बोर कराने को लिखा गया पत्र

कर्मचारी सुशील कुमार ने बताया कि जिस बोर से कस्बे के जलापूर्ति की जाती है, उस बोर का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण पानी पर्याप्त नहीं मिल रहा। इससे जलापूर्ति बाधित हो जाती है। जल संस्थान के अधिकारियों को अवगत कराया गया है व नया बोर कराए जाने के लिए लिखा गया है। जल संस्थान के अवर अभियंता ने बताया कि आज ही जानकारी मिली है व्यवस्था सही करवाते हैं।

### तालाबों के भीटे पर बने घर

गर्मी में तालाब भी कम से कम मवेशियों के पानी के लिए बड़ा साधन बनते हैं। लोग बताते हैं कि कस्बा के तालाबों के भीटों पर अतिक्रमण बढ़ा और अब तो घर भी बन गए। इनका गंदा पानी तालाब में जाने से पानी प्रदूषित हो चुका है।

### कर्मचारी बोला, जाकर देखता हूं

तीन दिन से पानी न आने की वजह की जानकारी संस्थान के कर्मचारियों को ही नहीं थी। जब पूछा गया तो संविदा में तैनात कर्मचारी ने बताया कि जाकर देखता हूं। अभी जानकारी नहीं है।



वाहन की दिक्कत से पैदल आते-जाते लोग। अमृत विचार

# वाहनों की कमी से तीर्थयात्री त्रस्त

चित्रकूट कार्यालय

● लगभग डेढ़ सौ वाहन सीज कई सौ वाहनों पर जुर्माना

**अमृत विचार।** नियमविरुद्ध दौड़ रहे टेंपो-आटो और ई-रिक्शा आदि की धरपकड़ गुरुवार को भी जारी रही। इसके साथ ही वाहनों की कमी को लेकर लोगों की परेशानी भी बरकरार रही। वाहन न मिलने या ज्यादा किराया मांगने की वजह से तमाम लोग पैदल आतेजाते दिखे।

मंगलवार को हुई भीषण सड़क दुर्घटना के बाद से टेंपो, टैक्सी, आटो आदि को लेकर चेकिंग अभियान जोरों पर है। बुधवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 239 वाहनों पर पांच लाख 41 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इनमें दोपहिया, चारपहिया, ई रिक्शा, आटो, टैक्सी और टेंपो शामिल हैं। कुल 136 वाहनों को सीज किया गया। यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को 357 वाहनों का चालान किया गया। 8,50,600 रुपये का जुर्माना किया गया। उधर, वाहनों की कमी से बाहर से आने वाले यात्री और रोजमर्रा के कामों से आनेजाने वाले लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बचे वाहनचालकों द्वारा जमकर किराये से ज्यादा की उगाही भी की गई।

## एक नजर

### आरोपी गिरफ्तार, रुपये और असलहा बरामद

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी ने चेकिंग के दौरान गुरुवार को लमियारी बैरियर से रामस्वरुप शुक्ला पुत्र स्व. रामचंद्र निवासी गड़ौली को पकड़ा। इससे तमंचा-कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, इसकी जामातलाशी से 12 लाख 70 हजार रुपये भी मिले, जिसको कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आयकर विभाग के साथ अन्य संबंधित को बताया गया है। पुलिस टीम में एसआई चंद्रमणि पांडेय, मुन्नीलाल, आरक्षी अतुल मिश्रा, नरेश कुशवाहा और धर्मेंद्र कुमार द्वितीय शामिल रहे।

### जंगलों में लगी आग का मामला चर्चा में

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** रानीपुर टाइगर रिजर्व के मानिकपुर वन परिक्षेत्र भाग-1 में मप्र सीमा से सटे बेधक सहित लगभग आधा दर्जन जंगलों में आग लगने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, एक सप्ताह पूर्व बेधक, चंदहरा, बांडा बाबा व ककरेड़ी के जंगलों में आग लगी थी। उस वक्त वनाधिकारी ने मप्र बार्डर लगा होने व अपनी ओर बढ़ती आग को बुझाने की बात कही थी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि आग अभी भी धधक रही है और इसने चमरौंहा, चिरोल, सिसह, बंधहा व निहीं के जंगलों को भी अपनी आगोश में ले लिया है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान शुरू

**चित्रकूट।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुवार को तहसील प्रांगण में मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने मतदाता सेल्फी प्वाइंट, हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन किया। इसी प्रकार मानिकपुर, राजापुर व मऊ तहसीलों में भी अभियान शुरू किया गया। गौरतलब है कि चारों तहसीलों में जनसामान्य को 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। इस अवसर पर सदर उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, शिक्षक सुरेश प्रसाद, लालमन आदि मौजूद रहे।

## बतकही

### आज समंदर को बड़ा गुमान आया है...

फलाने कई दिन बाद मिला तो आम तौर पर शांत नजर आने वाला यह व्यक्ति जबर्दस्त गुस्से में था। बेंच पर बैठते ही चाय वाले से चाय देने का इशारा किया और चुप बैठ गया। उसकी चुप्पी मारक थी सो मैंने उसे कुरेदा, क्या बात है फलाने, बहुत नाराज हो। नाराज न हूं तो क्या करूं... फलाने जैसे बरस पड़ा, तुम्हें पता नहीं कि दो दिन पहले कितना भयानक एक्सीडेंट हुआ, जिसमें सात लोगों की जान चली गई। ...हां यार, बहुत दर्दनाक हादसा था पर इसमें तो दुख की बात है, गुस्से की नहीं। फलाने ने मुझे तरेरा... क्या कहा, गुस्से की नहीं। अधाधुंध सवारियां भरकर तेज रफ्तार से वाहन चलाओ, एक्सीडेंट कर दो। आखिर व्यवस्थाएं और व्यवस्था संभालने वाले अलंबरदार क्या कर रहे हैं। कोई नियमकायदा है कि नहीं। ...तो धरपकड़ भी तो हो रही है... मैंने उसे शांत करने की नाकाम कोशिश की। यही तो, यही तो... फलाने ने तर्क रखा, मेरा कहना भी तो यही है कि इतने ज्यादा टेंपो, आटो, जीपें आदि पुलिस द्वारा एक दिन में पकड़ा जाना तो यही साबित करता है न कि अभी तक ये सब नियमविरुद्ध चल रहे थे। एक्सीडेंट हुआ तो पकड़ लिए गए। फलाने के गुस्से का मतलब अब मेरी समझ में आ गया था। वह कह बहुत सही रहा था। इसलिए चुप रहकर उसकी बात सुनने काम किया। फलाने ने आगे कहा, सोचो इतने ज्यादा वाहन पकड़ने से बाहर से चित्रकूट आने वालों को कितनी दिक्कत हुई होगी। जानकी कुंड अस्पताल जाने वाले कितने परेशान हुए होंगे। मुझे पता चला है कि जो वाहन पकड़े नहीं गए थे, उन्होंने जमकर मनमानी की और लोगों से दुगुना तिगुना किराया वसूला...। आखिर इसका दोषी कौन है। एक दार्शनिक के अंदाज में वह बोला, असल में व्यवस्थाओं और इसकी कमान संभालने वालों को अपना काम नियमित करना चाहिए। हादसों के बाद जागना बुद्धिमानी नहीं होती। चाहे, जितना बड़ा हो, बड़े रुतबे वाला हो, आज चाहे जितनी जिसकी तूती बोले, पर आदमी की जिंदगी से खिलवाड़ का हक किसी को नहीं। सबको ऊपरवाले को जवाब देना होगा, सुना है आज समंदर को बड़ा गुमान आया है, उधर ही ले चलो कश्ती, जहां तूफान आया है...।

# अभी निर्दलीय लड़ने के मूड में नजर नहीं आ रहे भैरों प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● पूर्व सांसद बोले, सीट खतरे में और आस नेतृत्व से

**अमृत विचार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने अभी भी पार्टी से आस नहीं छोड़ी है। वह खुलकर कहते हैं कि पार्टी की बांदा-चित्रकूट सीट खतरे में है और उनका मानना है कि शीर्ष नेतृत्व अपने निर्णय पर पुनर्विचार करेगा। ऐसा न हुआ तब, इस सवाल के जवाब में जिले की राजनीति के इस धुरंधर का कहना था, तो जनदबाव को देखते हुए सभी विकल्प खुले हैं।

भैरों प्रसाद मिश्र को लेकर इस समय यह चर्चा जोरों पर है कि अगर भाजपा से निराश होकर उन्होंने सपा और बसपा की ओर रुख किया और वहां से भी नाउम्मीदी हाथ लगी तो वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में नजर आएंगे। इस संबंध में जब उनसे पूछा गया तो उनका कहना था कि यह महज कोरी अफवाह है। उन्होंने कहा कि उनको अब भी भाजपा से आस है कि वह अपने निर्णय पर फिर से सोचेगी। उन्होंने कहा कि मैं साफ कहता हूं कि यह सीट खतरे में है और पार्टी ने गलत निर्णय लिया है। उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी और वर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल का नाम लिए बगैर कहा, इनके प्रति पिछले एक-डेढ़ साल से जबर्दस्त असंतोष है। दावा किया कि पार्टी द्वारा किए गए सर्वे और लोगों की बातों से भी यह साफ हुआ है। जब उनसे पूछा गया कि इसके बाद भी उनको टिकट कैसे मिला तो भैरों का कहना था कि यह तो पार्टी नेतृत्व जाने। बताया कि बहुत से लोगों ने इस संबंध में नेतृत्व को बताया भी है, हो सकता है भाजपा को सद्बुद्धि आ जाए। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी पार्टी नेतृत्व के टिकट वितरण पर सवाल उठे थे और इस बार भी उठ रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह इस बार चुनाव मैदान में उतरेंगे, इसका जवाब हां या न में दें तो वह एक खांटी नेता की तरह सवाल को घुमा गए। बोले, राजनीति में सब संभव है, सभी विकल्प खुले हैं। जनदबाव बहुत है, देखिए आगे क्या होता है। वह, उनके समर्थक भाजपा नेतृत्व से आस लगाए हैं। अभी तो काफी दिन हैं। पांचवे चरण का चुनाव है, 26 अप्रैल को नामांकन है, कुछ भी हो सकता है।

क्या टिकट न मिला तो उनके राजनीति करियर का अंत हो जाएगा, इस प्रश्न पर भैरों प्रसाद मिश्र का कहना था, करियर का सवाल नहीं। भाजपा और जनता के लिए सब कुछ अर्पण किया है। आस नहीं छोड़ी है। पद में रहूं न रहूं पर आजीवन जनता की सेवा करता रहूंगा। हालांकि उनको जानने वाले लोग इस बात की पुष्टि करते हैं कि करियर का सवाल भी है और राजनीति में बने रहने के लिए पद भी जरूरी है।

## सार-संक्षेप


मौका मुआयना करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

### स्टांप में कमी पाएं तो करें कार्रवाईः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गुरुवार को तहसील कर्वी अंतर्गत ग्राम पंचायत खोह व सेमरिया जगन्नाथवासी के मौजे बाबूपुर चकला में स्टांप वाद से संबंधित प्रकरणों का मौका मुआयना किया। सब रजिस्टार कर्वी को निर्देश दिए कि इका सत्यापन करा लें। अगर स्टांप कमी पाई जाए तो कार्रवाई करें। इस दौरान उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, सब रजिस्ट्रार कर्वी राजेश सिंह, लेखपाल लाल बहादुर सिंह, राजेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### मारपीट के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**चित्रकूट।** विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम दीपनारायण तिवारी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट करने के मामले में आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अधिवक्ता शिवचंद्र सिंह ने बताया कि उनके मुवक्किल दादूलाल व अन्य लोगों के साथ आठ जून 22 को गांव के द्वारिका और सुंदरलाल पुत्रगण अमरनाथ, बाबूलाल उर्फ बनौली पुत्र रामकृपाल, सूरज पुत्र नंदलाल, संतू उर्फ संतलाल पुत्र रामलाल पर खेत में खखरी लगाने के विवाद में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट करने का आरोप है। ये सभी जेल में बंद हैं। गुरुवार को कोर्ट ने इनकी अंतरिम जमानत याचिका रद कर दी।

### दो आरोपियों से आठ किलोग्राम गांजा बरामद

**चित्रकूट।** जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से दो आरोपियों से कुल 8 .61 किग्रा गांजा बरामद किया गया है। जीआरपी एसओ संजीव कुमार ने बताया कि वह और रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कर्वी के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार संय़ुक्त टीम के साथ बीते दिन प्लेटफार्म की चेकिंग कर रहे थे। टीम ने संदिग्ध अवस्था में दो युवकों अनिल कुमार पुत्र सुकरुवा निवासी इटौरा और संदीप कुमार पुत्र रामजिआवन निवासी बनाड़ी को पकड़ा। इनसे भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। इसकी अनुमानित कीमत दो लाख पंद्रह हजार रुपये बताई जा रही है।

### काली घाटी के पास अधिवक्ताओं से मारपीट और लूट

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** तहसील से लौटकर घर जा रहे दो अधिवक्ताओं पर काली घाटी के पास बदमाशों ने हमला कर दिया। मारपीट कर रुपये और सोने की चेन छीनकर भाग गए। चार लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जानकारी के मुताबिक, बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के ऐंचवारा निवासी अधिवक्ता गोविंद तिवारी व अवधकिशोर मानिकपुर तहसील में अधिवक्ता हैं। दोनों बुधवार की शाम एक ही बाइक से तहसील से गांव लौट रहे थे। काली घाटी उतरते ही बाई का कुआं के पास पहले से ही घात लगाकर बैठे हमलावरों ने इनके सामने बाइक लगाकर रोक लिया और मारपीट करनी शुरू कर दी। बदमाशों ने गोविंद को बाइक से नीचे सड़क पर गिराकर ऊपर पत्थर पटक दिया। इसके बाद लाठी, डंडों, पत्थरों आदि से वार किया। आसपास मौजूद लोगों को आता देख हमलावरों ने अधिवक्ता गोविंद की जेब से 10 हजार रुपये और अवध किशोर के गले से सोने की चेन छीनकर भाग निकले। सूचना मिलने पर मौके में सरैंया चौकी पुलिस पहुंची। घायल गोविंद को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। नाक, आंख, गला समेत शरीर में कई जगह गंभीर चोटें होने पर उनको जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। देर शाम अधिवक्ता अवधकिशोर की तहरीर पर पुलिस ने खरौंध निवासी चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संबंध में मानिकपुर थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच चल रही है। अभी इस मामले में कुछ स्पष्ट नहीं कहा जा सकता।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष बोले, सांसद का वही रिपोर्ट कार्ड जो सरकार का

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के कानपुर-बुंदेलखंड प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का कहना है कि सांसद आरके सिंह पटेल का रिपोर्ट कार्ड वही है, जो मोदी-योगी सरकार का है। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि इस सरकार में काम बहुत हुए हैं। इसी आधार पर तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। भाजपा में आने के बाद भ्रष्टाचारियों के आरोपमुक्त होने की बात पर उनका कहना था कि किसी के खिलाफ मामले बंद करने का अधिकार सिर्फ कोर्ट को है। उन्होंने पार्टी में जिले में किसी भी तरह के असंतोष की बात को गलत बताया। प्रकाश पाल ने सपा के लिए कहा, ऐसा कोई बचा नहीं, सपा से जो खफा नहीं। उन्होंने कहा कि सभी दूसरे दलों में भ्रष्टाचारी हैं और मोदी से लड़ने की इनमें हिम्मत नहीं है। कांग्रेस को कोई पूछ नहीं रहा है। ईवीएम के मुद्दे पर उनका कहना था कि जब हम जीते तो ईवीएम और विपक्षी जीते तो सही।


प्रकाश पाल। अमृत विचार

### सांसद ने जब देना चाहा जवाब

मुद्दों पर सांसद और भाजपा के बांदा-चित्रकूट सीट से प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने भी कई बार अपनी बात कहनी चाही। हालांकि प्रकाश पाल ने उनको रोक दिया। रिपोर्ट कार्ड के सवाल पर सांसद ने कहा कि मैं भी प्रश्न का जवाब दे देता हूं, तब प्रकाश पाल ने उनको रोकते हुए कहा, मैं बता रहा हूं।

# एक सप्ताह बाद भी शिक्षक के घर चोरी के आरोपी पकड़ से दूर

चित्रकूट कार्यालय

● पॉश इलाके में हुई थी वारदात पीड़ित मायूस

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली कर्वी अंतर्गत एसडीएम कॉलोनी मंस 27 मार्च को हुई लाखों की चोरी का खुलासा एक सप्ताह बाद भी कोतवाली पुलिस नहीं कर सकी है। पत्रकारों ने जल्द खुलासा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि एसडीएम कॉलोनी निवासी और पूर्व माध्यमिक विद्यालय छछेरिहा में कार्यरत शिक्षक व पत्रकार श्यामसुंदर यादव के घर में होली के दूसरे दिन चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया था। श्यामसुंदर एसडीएम कॉलोनी में वेद प्रकाश मिश्र शिक्षक के घर में पिछले पांच वर्षों से परिवार सहित किराये में रह रहे हैं। घटना की रिपोर्ट पीड़ित शिक्षक ने थाना कोतवाली कर्वी में दर्ज कराई थी। एक सप्ताह बाद भी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई। पीड़ित ने बताया कि चोर लगभग सात लाख का सामान ले गए हैं। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जल्द खुलासा किया जाएगा। उधर, चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि अगर जल्द चोरों का पता नहीं लगा तो फिर आंदोलन का रास्ता ही बचता है।

## चुनाव पर चर्चा

रपटे की समस्या न खत्म होने से गुस्से में हैं चनहटवासी, समस्या को चुनाव में बनाएंगे मुद्दा

# ग्रामीणों ने चौपाल में जनप्रतिनिधियों के आंके काम

राजकुमार उपाध्याय,राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** चुनावी मौसम होने की वजह से आजकल गांव-देहात में इसी बात की चर्चा है। किस सरकार के रहते विकास हुआ, किस नेता ने ज्यादा काम कराया, बातचीत के मुद्दे भी यही रहते हैं। हर चबूतरे पर इसी तरह की चौपाल लगती है। विकासखंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत चनहट में भी बीते दिन गांववाले बैठे तो चर्चा का मुद्दा यही रहा। गांव वालों ने इस बात पर चिंता जताई कि वाल्मीकि नदी पर चनहट के रपटे में बरसात के समय पानी भरने की समस्या पर किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया।

गांव वालों का कहना था कि पानी भरने से राजापुर-बूढ़ा सेमरवार मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। इससे कई गांवों के सैकड़ों लोगों का आना-जाना प्रभावित होता है। धर्मेंद्र पांडेय ने कहा कि असल में रपटा नीचे है, इस वजह से बरसात में ज्यादा बारिश हुई तो पानी सड़क पर आ जाता है। रविकरन सिंह की टीस थी कि चुनाव के समय नेता आते हैं, वादे करते हैं और जीतने के बाद भूल जाते हैं। अवनीश श्रीवास्तव बताते हैं कि मार्ग पर पड़ने वाले गांवों अनीपुर, कछिया, गनींवा, ब्यासबन्ना, गड़वारा, चनहट के साथ राजापुर वालों के लिए यह महत्वपूर्ण रास्ता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस बार वोट ही न डालें पर जागरूक लोगों और बुजुर्गों ने समझाया कि यह समस्या का हल नहीं। लोकतंत्र में देश और गांव के विकास के लिए वोट सबको डालना चाहिए।


चौपाल लगाकर गांव में विकास कार्यों पर चर्चा करते चनहट के लोग। अमृत विचार

### सड़क की बदहाली पर भी विचार-विमर्श

चौपाल में गांव वालों ने अन्य कामों और कमियों पर चर्चा की। प्रमोद सिंह, छोटेलाल, बुद्धप्रकाश विश्वकर्मा आदि ने बताया कि राजापुर-बूढा मार्ग की सड़क कई जगह उखड़ गई है। इससे भी दिक्कत होती है। रोष जताया कि जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया है। गांव वालों ने बताया कि पानी की निकासी की ठीक व्यवस्था न होने से बारिश में घरों के किनारे पानी भरने से खतरा होता है। सड़क के दोनों ओर नाला का बनना अति आवश्यक है।

### कई मजरे संपर्क मार्ग से वंचित

मिथलेश सोनकर, छोटेलाल, योगेश कुमार, परदेशी, सतीश सोनकर बताते हैं कि चनहट के मजरे गौतमपुरवा व लंकेश का डेरा में आज भी सड़क नहीं है। लोग पगडंडियों से आते-जाते हैं। बीमार और गर्भवतियों को अस्पताल ले जाने में परेशानी होती है। इनको चारपाई पर लादकर लगभग डेढ़ किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। शादी विवाह के समय भी दिक्कत होती है। 300 की आबादी के मजरे में कोई भी प्राथमिक विद्यालय भी नहीं है।

# चर्चा में पुलिसकर्मियों पर दायर प्रकीर्णवाद

चित्रकूट कार्यालय

● कोर्ट में मामले की सुनवाई की तारीख 12 अप्रैलः अधिवक्ता

**अमृत विचार।** जिले में तैनात रहे सीओ और तीन पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप को लेकर वाद दायर किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। पीड़िता के अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि कोर्ट में सुनवाई 12 अप्रैल को होगी।

गौरतलब है कि कोतवाली अंतर्गत एक गांव निवासी एक किशोरी ने गैंगरेप के मामले में पुलिस की भूमिका पर सवालिया निशान लगाया है। उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से तत्कालीन सीओ, तीन पुलिसकर्मियों और होटल के तीन कर्मचारियों के खिलाफ न्यायालय विशेष न्यायाधीश में धारा 156(3) के तहत प्रकीर्णवाद दायर किया है। पीड़िता के अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि इस मामले में कोर्ट ने कोतवाली प्रभारी को इस संबंध में रिपोर्ट और विवेचना की जानकारी देने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 12 अप्रैल तय की है। अधिवक्ता ने कहा कि कोर्ट से याचना की जाएगी कि मामले में चूंकि पीड़िता के अनुसार, उससे कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद फिर उसी होटल में ले जाकर दुराचार किया गया, इसलिए एक और एफआईआर दर्ज की जाए। इसके अलावा पीड़िता को ले जाने वाले आरोपी युवक और उसके दो भाइयों पर भी गैंगरेप की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर भी कोर्ट से गुहार की जाएगी।

### सफाईकर्मियों से की अभद्रता

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** अराजक तत्वों द्वारा सफाईकर्मियों से अभद्रता करने का मामला सामने आया है। सफाईकर्मियों ने थाने में तहरीर दी है। विकास खंड पहाड़ी में तैनात सफाईकर्मी संघ अध्यक्ष गुलाब के साथ सरोज, सुरेखा, रामजी, पप्पू, दुर्गा, सुशील आदि ने बताया कि सभी संचारी रोग के रोकथाम के लिए गठित टीम के साथ पथरामानी गांव में सफाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी दो लोग वहां पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर हाथापाई की। उन्होंने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाई, भर्ती

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के बरसड़ा खुर्द गांव निवासी आशीष (19) पुत्र छेदीलाल गुरुवार की दोपहर कमरे के अंदर घुस गया। उसने लोहे की सरिया से खोद कर पंखा का हुक निकाल। इसके बाद उसने रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची मां ने देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। शोर गुलसुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। मां गेदिया ने बताया कि आशीष ने इस वर्ष इंटर की परीक्षा दी है।

### तीन ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा**: शहर के बंगाली पुरा निवासी श्याम (17) पुत्र नागेंद्र ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी बिनोद (22) पुत्र दयाराम ने बुधवार की रात किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के शांती नगर निवासी अंशिका (16) पुत्री राममिलन ने घरेलू बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नदी में युवक का शव मिला

**पैलानी।** घर से लापता हुए कस्बा निवासी शैलेंद्र सिंह उर्फ बउवा (45) पुत्र मोहन सिंह का शव पुलिस ने केन नदी से बरामद किया। मृतका की पत्नी शीला ने शव की शिनाख्त की। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसका पति बुधवार की शाम से घर से अचानक लापता हो गया।

# जेल में मुख्तार का इलाज करने वाले चिकित्सकों के बयान दर्ज

## वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेशराज शर्मा ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए लिया बयान

कार्यालय संवाददाता, बांदा


मुख्तार अंसारी।

- चिकित्सकों ने मुख्तार को पेट में सूजन व दर्द से ग्रसित बताया
- 26 से 28 मार्च के बीच मुख्तार की हालत कई बार बिगड़ी थी

**अमृत विचार।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में अलग-अलग कई तेजी से जांचें चल रही हैं। बुधवार को जहां न्यायिक और मजिस्ट्रेटीयल जांच के लिए नियुक्त अधिकारियों ने मंडल कारागार पहुंचकर जेल कर्मियों और बंदियों से बातचीत करके बयान दर्ज किए थे, वहीं गुरुवार को जेल अधीक्षक की ओर से की जा रही जांच के संबंध में मुख्तार की बीमारी के दौरान प्राथमिक उपचार करने वाले चिकित्सकों के भी बयान दर्ज किए गए हैं। जेल अधीक्षक के अनुसार वह मुख्तार की मौत को लेकर चल रही अलग-अलग जांचों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

मंडल कारागार में करीब तीन साल से निरुद्ध दोषसिद्ध और विचाराधीन बंदी माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से हुई मौत के बाद पैदा हुए सवाल अभी थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जहां एक ओर माफिया की मौत के संबंध में अलग-अलग कई जांचें चल रही हैं, वहीं परिजनों के आरोपों के आधार पर मानवाधिकार आयोग में भी केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। शासन ने प्राथमिक जांच के लिए वरिष्ठ कारागार अधीक्षक को आदेश दिये थे। अधीक्षक ने बुधवार को जिला अस्पताल के दोनो चिकित्सकों को गुरुवार को उपस्थित होने का पत्र भेजा था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा. वीरेशराज शर्मा पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं। 25/26 मार्च की रात से लेकर 28 मार्च तक बार-बार मुख्तार की तबियत बिगड़ने के बाद जेल और जिला अस्तपाल के चिकित्सकों ने भी जांच और प्राथमिक उपचार मुहैया कराया था।

ऐसे में जेल अधीक्षक डा. शर्मा ने गुरुवार को उपचार करने वाले चिकित्सकों को भी बयान देने के लिए जेल परिसर में बुलाया। गुरुवार को जिला अस्पताल में तैनात जनरल सर्जन डा.अदिति श्रीवास्तव, फिजीशियन डा.हृदयेश पटेल और डा.शिशिर चतुर्वेदी के बयान दर्ज किए गए। उपचार करने वाले चिकित्सकों ने अपने बयानों में मुख्तार को कमजोरी, पेट दर्द, पेट में सूजन आदि की बीमारियों से ग्रसित बताया और उसे प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के रेफर करने की बात कही है। सूत्रों की मानें तो मुख्तार अंसारी की तबीयत 26 से 28 मार्च के बीच कई बार बिगड़ी और जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया।

सूत्र बताते हैं कि 28 मार्च को करीब दो बजे अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी के दौरान भी मुख्तार की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, लेकिन जिला अस्पताल के चिकित्सकों के उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य हो गई थी। वहीं 28 मार्च को ही करीब 5.30 बजे मुख्तार की तबियत फिर से बिगड़ गई, जिस पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा.शर्मा का कहना है कि मुख्तार अंसारी के संबंध में प्रदेश की कई अदालतों में मुकदमे विचाराधीन थे, ऐसे में उन्हें सभी अदालतों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। इसी संबंध में उन्होंने गुरुवार को चिकित्सकों के बयान दर्ज किए हैं।

### कर्ज से परेशान दंपति ने किया जान देने का प्रयास

**बांदा।** कर्ज से परेशान दंपति ने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एक अन्य घटना में ससुर की अभद्रता से परेशान युवती ने जहर खा लिया। उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शहर कोवताली क्षेत्र के किलेदार पुरवा निवासी जोगेंद्र (25) पुत्र नन्हेलाल ने बुधवार की रात कमरे के अंदर जहरीला पदार्थ खा लिया। पति की हालत बिगड़ती देख पत्नी मालती (20) ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर में दोनों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घर वालों के मुताबिक पिछले साल जोगेंद्र ने शादी के लिए कर्ज लिया था।। मां ने जोगेंद्र से कर्ज की भरपाई करने को कहा था। एक अन्य घटना में शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ोखर खुर्द गांव निवासी 28 वर्षीय महिला ने गुरुवार को दोपहर जहर खा लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला ने बताया कि ससुर ने उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे घर से निकाल दिया। इससे परेशान हो उसने जहर खा लिया।

## बसपा के पूर्व प्रत्याशी, गुर्गों पर लूट, मारपीट की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- उधारी के रुपये मांगने पर पीटने और सोने की चेन लूटने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** सदर विधानसभा सीट से बसपा के पूर्व प्रत्याशी व उसके गुर्गों के खिलाफ मारपीट सहित लूट की धाराओं में नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई है। पूर्व प्रत्याशी ने उधार के पैसे मांगने पर व्यापारी के साथ मारपीट की। जान बचाने के लिए व्यापारी चौकी के अंदर घुस गया था। मारपीट के दौरान व्यापारी के गले में पड़ी सोने की चेन और रुपए लूटने का भी आरोप था। नगर कोतवाली पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अतर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमा गांव निवासी आयुष पुत्र भोलानाथ ने नगर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह बैनर पोस्टर का व्यापार करता है। बीते विधानसभा चुनाव में बसपा के अधिकृत प्रत्याशी धीरज प्रकाश राजपूत ने उससे लगभग तीन लाख रुपए के बैनर बनवाए थे और भुगतान के रूप में उसे चेक दिए थे। चेक बाउंस होने पर उसने नकद रुपए देने को कहा। बीते 30 मार्च की रात्रि लगभग 10 बजे वह बांदा से अतर्रा जा रहा था, तभी चुंगी चौकी के पास आरोपी मिल गया। इस पर पीड़ित ने आरोपी से अपने रुपयो की मांग की। इस पर आरोपी बसपा नेता पीड़ित के साथ गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपी ने अपने अज्ञात 10-12 साथियों को फोन करके बुला लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपियों द्वारा गले में पड़ी सोने की चेन और जेब में पड़े लगभग 1600 रुपए लूट लिए गए। पीड़ित किसी तरह अपने आप को छुड़ाकर नजदीक स्थित पुलिस चौकी में घुस गया। पीछा करते हुए वहां पहुंचकर आरोपियों ने चौकी के अंदर ही पीड़ित के साथ मारपीट की। वहां मौजूद गार्ड ने किसी तरह पीड़ित को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। बावजूद इसके कई बार आरोपितों ने व्यापारी को पकड़कर पीटा। तब पीड़ित ने भागकर अपनी जान बचाई।


बिसंडा क्षेत्र में ग्रामीणों से संवाद करते सदर विधायक। अमृत विचार

## संपर्क अभियान में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज कराने और देश में एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने के संकल्प के साथ भाजपा के जनप्रतिनिधि गांव-गांव, गली-गली घूम कर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और लोगों के बीच मोदी-योगी सरकार की विभिन्न उपलब्धियां गिना रहे हैं।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सदर विधानसभा क्षेत्र के बिसंडा मंडल का भ्रमण किया और लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के जरिए लोगों की समस्याएं जानी। सदर विधायक ने बिसंडा मंडल के चौसड़, नई दुनिया, जरियारी, लाल का पुरवा, गड़रिया का पुरवा, तेंदुरा, शंकर पुरवा, बनई समेत दर्जन भर गांवों का भ्रमण किया। कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार देश की तस्वीर बदलने की दिशा में काम कर रही हैं। आम आदमी तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रात दिन एक किए हुए हैं। सदर विधायक श्री द्विवेदी ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं उज्जवला, किसान सम्मान निधि, गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की और सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा की नीतियों से लोगों को रूबरू कराते हुए अबकी बार 400 पार-फिर एक बार मोदी सरकार का नारा बुलंद किया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकरन कबीर, मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, विनय कुशवाहा, विक्की सिंह समेत तमाम भाजपाई शामिल रहे।

### रंग लाया राज्यमंत्री का प्रयास, वित्तीय मंजूरी मिली

सूबे के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के अथक प्रयासों के बाद आखिरकार कमासिन ब्लाक में सिंहवाहिनी पंप कैनाल के निर्माण को वित्तीय स्वीकृति मिल ही गई। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में लंबे समय से लंबित सिंहवाहिनी पंप कैनाल परियोजना के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत 1600 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। पंप कैनाल की क्षमता 50 क्यूसेक निर्धारित है। इस पंप कैनाल के चालू हो जाने के बाद बबेरू और कमासिन क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा और किसानों की फसलों का उत्पादन बढ़ने के साथ ही उनकी आय में भी इजाफा होगा।

## अफसाना शाह को मिली शहर कांग्रेस की कमान

कार्यालय संवाददाता,बांदा


अफसाना।

**अमृत विचार।** लंबे समय से खाली पड़े कांग्रेस शहर अध्यक्ष की कुर्सी पर अब महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष अफसाना शाह की नियुक्ति कर दी गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अफसाना शाह के नाम का ऐलान करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन की मजबूती के लिए काम करने को कहा है। वह लंबे समय से संगठन में काम कर रही हैं और विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी निभा चुकी हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने अफसाना के मनोनयन पर खुशी जताते हुए कहा कि विधानसभा और नगर पालिका चुनाव में अफसाना की महत्वपूर्ण भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और उन्हें उनकी निष्ठा और मेहनत के परिणाम के रूप में ही शहर कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष का पद लंबे समय से रिक्त चल रहा था।

## ब्राह्मण समाज की उपेक्षा पर भड़का आक्रोश

कार्यालय संवाददाता,बांदा


बैठक में उपस्थित ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष। अमृत विचार

- समाज का सम्मान वापस दिलाने का लिया संकल्प

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक संख्या के बावजूद इस चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने ब्राह्मण समाज को तवज्जो न देने को ब्राह्मणों ने समाज के अपमान के रूप में लिया है। समाज के लोगों ने राजनीतिक पार्टियों की इस उपेक्षा को पूरे समुदाय का अपमान माना है। इस संबंध में ब्राह्मण महासभा की आवश्यक बैठक बुलाकर आगामी रणनीति पर चर्चा की गई और ब्राह्मण समाज का सम्मान वापस दिलाने का संकल्प लिया गया।

गुरुवार को शहर के सिविल लाइन में आयोजित ब्राह्मण महासभा की बैठक में अध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने कहा कि बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से अब तक सर्वाधिक नौ बार ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधित्व रह चुका है। संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक संख्या होने के बावजूद किसी भी प्रमुख दल ने समाज को अहमियत न देकर समाज का अपमान किया है। बताया कि समाज का एक एक व्यक्ति अपने साथ अन्य वर्ग को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने सियासी दलों को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी दल या व्यक्ति ब्राह्मण समाज के धैर्य को उनकी कमजोरी समझने की भूल न करे। द्विवेदी ने कहा कि इस बार ब्राह्मण समाज अपनी ताकत दिखाने को तैयार है और किसी भी दल से समाज का उम्मीदवार आने पर पूरी ताकत के साथ जुट कर संसद में भेजने का काम करेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की। इस मौके पर जगतराम तिवारी, शिवशंकर द्विवेदी, चंद्रशेखर मिश्रा, केके दीक्षित आदि शामिल रहे।

## आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं ईद व रामनवमी का त्योहार

संवाददाता, अतर्रा बांदा


पीस कमेटी की बैठक करते अधिकारी व समाजसेवी। अमृत विचार

- सड़क पर नमाज अता करने पर सख्ती से रहेगी पाबंदी
- क्षेत्राधिकारी ने संभ्रांत व्यक्तियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार।** ईद, नवरात्र और रामनवमी समेत अन्य त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक में पुलिस उपाधीक्षक ने आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की नसीहत दी। कहा कि शासन के निर्देश पर सड़क पर नमाज अदा करने पर सख्ती से पाबंदी रहेगी। रामनवमी जुलूस के दौरान अश्लील गाना बजाने वाले डीजे संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक गवेंद्र पाल गौतम ने दोनों ही वर्गों के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक करते हुए शासन के निर्देशों से अवगत कराया। कहा कि सड़क पर नमाज नहीं अदा की जाएगी। चैत्र नवरात्र व रामनवमी व हनुमान जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर आयोजन समिति को खबरदार किया कि शांति व्यवस्था किसी भी दशा में न बिगड़ने पाए। डीजे पर अश्लील और भड़काऊ गाना बजाने पर सख्ती से रोक रहेगी। शोभायात्रा तय मार्गों से निकाली जाएगी। लोगों ने त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली और जलापूर्ति की मांग की। इस पर क्षेत्राधिकारी ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था में किसी ने बाधा पहुंचाई तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष अवधेश गुप्ता नवरात्रि में गौरा बाबा धाम में होने वाले रासलीला में सुरक्षा व सफाई की मांग की। इस मौके पर इंस्पेक्ट केडी त्रिपाठी, सूरज बाजपेई, अर्जुन मिश्रा, विवेक मिश्रा, महेंद्र चैरिहा, संजय साहू, गौरी शंकर गुप्ता रहे।

### जवानों ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**चिल्ला।** लोकसभा चुनाव के दौरान निष्पक्ष मतदान करने को लेकर थाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने चिल्ला कस्बा समेत सादीमदनपुर, गौसीपुर, लौमर, शादीपुर, चकला, तारा, दोहतरा सहित एक दर्जन से ज्यादा गांवों में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन एवं शांति पूर्वक मतदान के दृष्टिगत पैदल मार्च किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को डरने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस फोर्स आपके साथ है, अधिक से अधिक मतदान के लिए सभी बूथों पर पहुंचे। यदि कोई डराता है अथवा प्रलोभन देता है तो तुरंत इसकी सूचना दें। ऐसे असमाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा। थानाध्यक्ष ने लोगों से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने और भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। पैदल मार्च के दौरान आ-जा रहे वाहनों की जांच भी की।



पुरस्कारों के साथ मेधावी बच्चे। अमृत विचार

## स्कूल प्रबंधन ने मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** इंटरनेशनल एमिटी स्कूल व बचपन प्ले स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित करते हुए मेधावियों को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा स्कूल में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राएं भी पुरस्कृत हुए। शहर के कालू कुआं स्थित इंटरनेशनल एमिटी स्कूल व बचपन प्ले स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक विजय पाल सिंह समेत समाजसेवी सीरजध्वज सिंह ने सम्मानित किया। डीआईओएस ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अरुण यादव, तरुण यादव, डा.रवि चौरसिया, निदेशक प्रभा यादव और विप्रांश यादव और प्रवी यादव आदि उपस्थित रहे।

**धर्म-अध्यात्म** — शिव महापुराण कथा के सातवें दिन कथावाचक ने बताया रुद्राक्ष का महात्म्य

# रुद्राक्ष धारण करने से नहीं आती जीवन में कोई समस्या

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)


शिवपुराण की कथा सुनाते कथा व्यास।


शिवपुराण की कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सर्वजन हिताय सेवा चैरिटेबिल समिति के तत्वावधान में आयोजित शिव महापुराण कथा के सातवें दिन कथा वाचक ने लोगों को रुद्राक्ष धारण करने के फायदे बताए। कहा कि इसके धारण करने से व्यक्ति को आरोग्यता, धन, यश आदि की प्राप्ति होती है।

अतर्रा के स्टेशन रोड स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित शिव महापुराण के सातवें दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित दीपक कृष्ण महराज (वृंदावन) ने लोगों को रुद्राक्ष धारण करने का महत्व बताया। कहा कि भगवान शंकर को रुद्राक्ष बहुत प्रिय है। रुद्राक्ष धारण करने के बाद रोजाना ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे हमारे जीवन में आने वाली अनेक समस्या खुद ही समाप्त हो जाती हैं।

बताया कि भगवान शिव ने दक्ष यज्ञ का विध्वंस करने के लिए अपनी जटा से काली और वीरभद्र को प्रकट किया था। देवताओं ने भगवान शिव की शरण में जाकर उनसे यज्ञ पूर्ण करने की कामना की तब दक्ष के धड़ पर बकरे का सिर लगाकर यज्ञ पूर्ण कराया गया। दक्ष ने भगवान शिव की स्तुति करके उनसे क्षमा मांगी। मैया सती दूसरे जन्म में पर्वत राज हिमालय की तपस्या से प्रसन्न होकर उनके यहां पुत्री रूप में उत्पन्न हुई और पार्वती नाम से विख्यात हुई।

कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान शिव-पार्वती की झांकी के दर्शन कराए गए। इस अवसर पर अनंत दीक्षित, नेहा दीक्षित, मृत्युंजय, पंडित शिवा, पंकज द्विवेदी, राजू गौतम, राकेश, पं.संतोष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### राशि के अनुसार धारण करें रुद्राक्ष

पंडित दीपक कृष्ण महराज (वृंदावन) ने लोगों को ज्योतिष शास्त्र के अनुसार रुद्राक्ष धारण करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया मेष और वृश्चिक राशि वालों को 14 मुखी, वृष और तुला राशि वालों को 13 मुखी, मिथुन और कन्या राशि वालों को 10 मुखी, कर्क राशि वालों को 5 मुखी, सिंह राशि वालों को 12 मुखी, धनु और मीन राशि वालों को 4 मुखी, मकर और कुंभ राशि वालों को 7 या 9 मुखी धारण करना चाहिए।

## विद्युत पोल हटाए बिना हो रहा सड़क चौड़ीकरण

संवाददाता, बदौसा



- सड़क निर्माण के चलते पेयजल पाइप लाइन ध्वस्त
- लोगों को करना पड़ रहा दोहरी मुसीबतों का सामना

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग द्वारा बदौसा-पौहार मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य सड़क किनारे लगे बिजली के खंभें को बिना हटाए ही कराया जा रहा है। सड़क के बीच में खड़े बिजली के खंभे हादसे की वजह बन सकते हैं। निर्माण कार्य के चलते पेयजल पाइप लाइन जगह-जगह से ध्वस्त हो गई है।

बदौसा-पौहार के 14 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 40 करोड़ से अधिक की धनराशि सरकार ने राज्य योजना के तहत स्वीकृत की है जिसमें पहली किश्त के रूप में 10 करोड़ रुपए अवमुक्त भी हो चुके हैं जिससे चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिन स्थानों पर आबादी है वहां बिजली पोल होने के कारण सड़क बनाने में दिक्कत हो रही है। चौड़ीकरण के कारण सड़क किनारे लगे तमाम विद्युत पोल अब सड़क के अंदर ही आ गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। रोड से विद्युत पोल किनारे करवाने के बजाए उसे रोड में ही छोड़ दिया गया है। ऐसे में यह हादसों का कारण बन सकते हैं। वहीं बुंदेलखंड पेयजल योजना के तहत गांव-गांव बिछाई की हर घर जल योजना पाइपलाइन भी सड़क निर्माण के चलते पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके चलते लोगों को दोहरी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा वही सरकार को भी धनहानि उठानी पड़ेगी।

इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मार्ग निर्माण में आड़े आ रहे विद्युत खंभे को शिफ्टिंग कराने के लिए विद्युत विभाग द्वारा दिए गए एस्टीमेट की धनराशि विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। इसी तरह क्षतिग्रस्त हुए पाइप लाइन की भरपाई संबंधित विभाग को दे दी गई है। अब सड़क निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करना संबंधित विभागों का काम है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें




सुन्नी

इफ्तार (शुक्रवार) 06:36 बजे | सहरी (शनिवार) 04:29 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### खड़े ट्रक पर डंपर ने मारी टक्कर, दो लोग घायल

**महोबा।** हाईवे किनारे खड़े ट्रक को तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रक में बैठा चालक व क्लीनर घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम रिवई सुनौचा के समीप सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर चालक आनंद यादव (29) पुत्र घनश्याम यादव निवासी जनपद बस्ती और क्लीनर अमरनाथ (40) पुत्र राम वर्मा वाहन में बैठे हुए थे, तभी तेज रफ्तार आ रहे डंपर चालक का संतुलन बिगड़ गया और पीछे से खड़े ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे ट्रक में बैठे चालक व क्लीनर घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों को जांचा

## चुनाव से पहले वॉशरूम और रैंप को सही ढंग से बनाये जाने के लिए प्रधानाचार्यों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार ने शहर के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सफाई व्यवस्था, जनरेटरों, पानी सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिन विद्यालयों में रैंप ठीक ठाक नहीं पाए गए वहां रैंप तैयार कराए जाने और शौचालयों की बेहतर व्यवस्था किए जाने के प्रधानाध्यपकों को निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी सहित तमाम अधिकारियों ने बूथ बनाए । नेहरू इंटर कॉलेज महोबा, डीएवी इंटर कॉलेज महोबा, जीजीआईसी इंटर कॉलेज महोबा, उच्च प्राथमिक विद्यालय आलमपुरा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय संविलियन बिलबई, आनंद उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलबई में बने मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शिता से संपन्न कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए।

उन्होंने कहा कि केंद्रों पर संपूर्ण व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित करा ली जाए। मतदेय स्थलों पर प्रकाश एवं जनरेटरों की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, शौचालय, कुर्सियां, पंखा, पीने का शुद्ध पानी एवं मेजों की व्यवस्था, रैंप की मरम्मत आदि की व्यवस्था मतदान के पूर्व दुरुस्त कर ली जाएं। इसमे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों के निरीक्षण से विद्यालय स्टाफ में खलबली मच गई।

अधिकारियों ने एक एक कक्ष में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, वॉशरुम व रैंप को बेहतर करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मतदेय स्थलों में छोटी मोटी कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कमियां दूर कराने के निर्देश दिए अन्यथा कड़ी कार्रवाई के संकेत दिये।



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार



डीएम ने मिडडे मील का स्वाद भी चखा।

### निरीक्षण के दौरान डीएम ने मिडडे मील का लिया स्वाद

विद्यालयों में बनाए गए मतदान केंद्रों का जायजा लेने के लिए अधिकारियों की टीम उच्च प्राथमिक विद्यालय आलमपुरा पहुंची, जहां पर पहले मतदान केंद्रों को देखा और इसके बाद विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के लिए बनाया गया मिड डे मील को जिलाधिकरी ने चेक किया तथा दाल के स्वाद को चख कर सम्बंधित को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि बच्चों को मेन्यू के हिसाब से भोजन दिया जाए और भोजन बनाते समय स्वच्छता का खास ख्याल रखा जाए। डीएम ने बच्चों से पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। शिक्षकों को और मेहनत से पढ़ाए जाने की सलाह दी।

# एसपी ने टीम के साथ चेकपोस्ट और बैरियरों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता महोबा

- चेकिंग अभियान चलाकर मध्य प्रदेश से आने वाले वाहनों को बारीकी से खंगाला गया

**अमृत विचार।** जिले में चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने और चुनाव में किसी भी प्रकार का व्यवधान उपन्न न हो सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जिले की यूपी एमपी सीमाओं, अंतरराज्यीय चेकपोस्ट, बैरियरों का पुलिस टीम के साथ निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग करते हुए चेक पोस्ट में लगे कर्मियों को सुरक्षा संबन्धी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाने रखने और आराजकतत्वों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर जिला पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ जवानों द्वारा संवेदनशील स्थानों का लगातार भ्रमण कर शांति का संदेश जिले वासियों को दिया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे भारी पुलिस बल के साथ उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश सीमा को भी जांचा।



यूपी-एमपी सीमा पर बैरियर का निरीक्षण करतीं एसपी अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

# करोड़ों की हेराफेरी करने वाले पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता महोबा

- पुलिस ने टीवी, एसी, 240 सिम सहित डेढ़ करोड़ की सामग्री बरामद की

**अमृत विचार।** फर्जी नाम और सिम के जरिए ऑनलाइन खरीदारी करके करोड़ों रुपये की हेराफेरी करने वाले पांच अभियुक्तों को पुलिस और सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार करते हुए बड़ा खुलासा किया । स्मार्ट टीवी, एसी, वाशिंग मशीन, मोबाइल, कीपैड फोन, सिम कार्ड भी पुलिस ने बरामद किये हैं। बरामद किए गए माल की कीमत 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग साइबर क्राइम करके ऑनलाइन खरीद फरोख्त में हेरीफेरी कर रहे हैं। वे टीवी, मोबाइल व अन्य सामग्री एकत्र कर बेचकर धन कमाते हैं। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम सक्रिय हो गई। अभियुक्तों के तलाशने के लिए अपने मुखबिरतंत्र को भी पुलिस टीम ने सक्रिय किया ओर मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने इन्हें आपस में माल का बंटवारा करते हुए धर दबोचा।

घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, सीओ सदर दीपक दुबे ने बताया कि गुरुवार को कोतवाली पुलिस और स्वॉट के टीमों ने ई कॉमर्स कंपनियों, अमेजन, फ्लिपकार्ड आदि से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर धन अर्जित करने वाले अभियुक्त उमाशंकर पुत्र रामकेस निवासी बम्हौरी बेलदारन कोतवाली चरखारी, अजयराज पुत्र पन्नालाल निवासी ग्राम नौसारा चरखारी, लवकेश विश्वकर्मा पुत्र नारायणदास निवासी बनियातला महोबा, आकाश अहिरवार पुत्र प्रकाश अहिरवार निवासी ग्राम बम्हौरीखुर्द चरखारी, रवेंद्र पुत्र मकुंद गुप्ता ग्राम मझलवारा महोबा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के पास से 240 सिमकार्ड और 52 जियो के सिम रैपर के अलावा 1.5 करोड़ का कीमती सामान भी पुलिस ने बरामद किया है। वहीं पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि ई कॉमर्स बेवसाइट पर जाकर फर्जी नाम पतों से ऑनलाइन अकाउंट बनाते थे, फिर इन्हीं अकाउंट के जरिए विभिन्न प्रकार के महंगे डिजिटल सामान खरीदते थे। आर्डर प्राप्त होने के बाद तकनीकी खराबी बताकर आर्डर रद कर देते थे और कंपनी से पैसे वापस ले लेते थे बाद में जब कंपनी सामान लेने आती थी तो उस फर्जी पते पर कोई मिलता नहीं था और जिस सिम से सामान बुक कराते थे उसे निकाल कर फेंक देते थे और प्रीएक्टीवेटिट सिम व फर्जी ईमेल आईडी का प्रयोग करते थे।

अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी नगर नरेंद्र प्रताप सिंह, एसआई सुजीत कुमार, भटीपुरा चौकी प्रभारी एसआई सत्यवेंद्र सिंह, बजरिया चौकी प्रभारी एसआई देवेंद्र ओझा, हेड कांस्टेबल रावेंद्र सोनकर, कांस्टेबल अजय कुमार मिश्रा, लोकेंद्र प्रताप सिंह, भास्कर यादव, धर्वेंद्र यादव, दीपेश हरीओम रहे।



पकड़े गये अभियुक्तों के बारे में जानकारी देते सीओ सिटी दीपक दुबे। अमृत विचार

# दबंगों ने किसान को लाठी-डंडों से पीटा

**महोबा।** ग्राम सिमरिया स्थित एक किसान खेत में सिंचाई के लिए पाइप लाइन डाल रहा था, तभी दबंगों द्वारा पाइप लाइन के ऊपर से जबरन ट्रैक्टर निकालने को लेकर कहासुनी हो गई और दबंगों ने किसान को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

थाना पनवाड़ी पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम सिमरिया निवासी मार्तंड सिंह परिहार अपने खेतों में सिंचाई कार्य के लिए पाइप लाइन बिछा रहा था, तभी गांव के दबंग ट्रैक्टर लेकर वहां से गुजरे तो उन्हें पाइप हाटकर वाहन निकालने की बात कही, जिस पर दबंगों ने जबरन पाइप के ऊपर से ट्रैक्टर निकालकर पाइप क्षतिग्रस्त कर दिया और उलहना देने पर दबंगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के आने से पहले दबंग वाहन लेकर मौके से भाग गए।

# अलविदा जुमे की नमाज आज

कार्यालय संवाददाता महोबा

- नमाजियों को धूप से बचाने के लिए किया गया मस्जिदों में छाया का इंतजाम

**अमृत विचार।** पवित्र माह रमजान के अलविदा जुमे की नमाज की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर में दो दर्जन से ज्यादा मस्जिदों में आज अलविदा जुमे की नमाज अदा की जाएगी, जिसके तहत अलविदा जुमा में जुटने वाली नमाजियों की भारी भीड़ को देखते हुए मस्जिद प्रबंध समितियों द्वारा अलविदा जुमे में नमाजियों को वापस न लौटना पड़े इस गरज से तेज धूप में मस्जिदों की छतों पर छाया का इंतजाम किया जा रहा है, जिससे नमाजियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो सके।

पांच अप्रैल को पड़ने वाले अलविदा जुमे की नमाज में आने वाले नमाजियों के लिए छाया की व्यवस्था विभिन्न मस्जिदों में की जा रही है क्योंकि मस्जिदों के बाहर सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी, जिसके लिए मस्जिदों के मुतबल्लियं द्वारा नमाजियों के लिए छतों के ऊपर नमाज पढ़ने की व्यवस्था की गई है, इसके लिए शामियाना तान कर छाया का इंतजाम किया जा रहा है, जिससे भीषण गर्मी में नमाजी सुकून से नमाज अदा कर सकें। मस्जिदों की छतों की तपिस कम करने के लिए धुलाई कराई जा रही है, इसके अलावा अलविदा जुमे के दिन मस्जिदों की छतों पर पानी का छिड़काव किया जाएगा, जिससे नामजियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो सके।

गौरतलब है कि अलविदा जुमे की तैयारियां शुरू हो जाने से मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में खासी चहल पहल बढ़ गई है। युवा मस्जिदों की साफ सफाई और धुलाई और छाया का इंतजाम करने में जुटे हुए हैं। खुले आसमान के नीचे किसी भी नमाजी को नमाज के लिए खड़ा होना पड़े इस गरज से पंडाल हरी पन्नी, ग्रीन नेट लगाकर व्यवस्था कराई जा रही है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए गुरुवार को सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। तमाम मस्जिदों में छाया पानी की व्यवस्था पूरी करा दी गई है। शहर की 25 मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की जाएगी।

### जुमा की नमाज में तैनात रहेगा भारी पुलिस फोर्स

अलविदा जुमे की नमाज के समय किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैल सके इस गरज से पुलिस प्रशासन ने मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है, जो दोपहर बारह बजे से जामा मस्जिदों के बाहर मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करेंगे। इतना ही नहीं सभी पुलिस कर्मचारियों को बनाए गए चार्ट के मुताबिक किस मस्जिद में किसी कर्मी की ड्यूटी लगी है उसे एक दिन पहले ही अवगत करा दिया गया, जिससे पुलिस कर्मचारी समय से अपने अपने कार्य स्थल पर पहुंच सके। सभी पुलिस कर्मचारी अलविदा जुमे को समय से ड्यूटी करेंगे।

# इंडियन बैंक में सर्वर न आने से ग्राहक परेशान



सर्वर न आने पर अपना कार्य कराने के इंतजार में खड़े ग्राहक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता महोबा

- सारा दिन इंतजार करने के बाद भी नहीं हुए कार्य, बैरंग लौटे ग्राहक

**अमृत विचार।** जहां एक ओर वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कारण कई दिनों से ग्राहकों के बैंक संबन्धी कार्य नहीं हो सके वहीं दूसरी ओर गुरुवार को इंडियन बैंक शाखा महोबा में सर्वर कनेक्टिविटी फेल हो जाने से ग्राहकों को लेन देन व अन्य कार्य के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। कनेक्टिविटी न होने से कम्प्यूटर व अन्य उपकरण शोपीस बने रहे। निर्धारित समयानुसार सुबह दस बजे बैंक खुलते ही कस्टमर अपने अपने कार्य को कराने के लिए बैंक के अंदर पहुंच गए, लेकिन सर्वर डाउन होने की वजह से उनके कार्य नहीं हो सके और बैरंग वापस जाना पड़ा।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कारण बैंकों अधिकारियों, कर्मचारियों में कार्य का अधिक लोड बढ़ जाता है, जिसके चलते ग्राहकों के बैंक सबन्धी कार्य नहीं हो पाते और बैंक कर्मियों द्वारा एक दो दिन बाद आने की बात कह दी जाती है, जिसके चलते बैंक ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुधवार को इंडियन बैंक शाखा में सर्वर से कनेक्टिविटी न होने के कारण ग्राहकों की भीड़ एकत्र हो गई और कार्य कराने के इंतजार में बैठ गए। बैंक में भीड़ इतनी बढ़ गई कि लोगों को बैठने के लिए जगह नहीं मिली तो कुछ लोग बैंक के अंदर जमीन पर ही बैठ गए और कुछ लोग बाहर खड़े होकर कनेक्टिविटी आने का इंतजार करने लगे।

बैंक सर्वर डाउन होने की वजह से ग्राहक पैसे का लेनेदेन, आरटीजीएस, पासबुक प्रिंट, अकाउंट स्टेटमेंट आदि कार्य नहीं करा सके और लंबा इंतजार करने के बाद ग्राहक बैरंग वापस लौट गए। बैंक ग्राहकों का कहना है कि बैंक संबन्धी कोई भी जानकारी कर्मियों द्वारा न किए जाने पर मैनेजर के पास जाते हैं तो वह सीधे मुंह बात न करके अपने अधिनस्थों के पास जाने की बात कहते हैं और इधर उधर के चक्कर में ग्राहक को जानकारी नहीं मिल पाती है, जिससे ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# बीमार पत्नी को अस्पताल में छोड़ भागा पति

कार्यालय संवाददाता महोबा

- बच्चों के पास न होने से बीमार मां की आंखों से नहीं थम रहे आंसू

**अमृत विचार।** टीबी की बीमारी से लड़ रही पत्नी को जिला अस्पताल में छोड़कर उसका पति फरार हो गया। पत्नी के बीमार होने पर उसे अपने साथ न रखने के अलावा मां को अपने बच्चों से नहीं मिलने दिया जा रहा है ।

शहर कोतवाली के ग्राम शाहपहाड़ी निवासी उम्मी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बारह साल पूर्व उसकी पुत्री रीना का विवाह सिद्धा निवासी हमीरपुर के साथ हुआ था। पीड़िता की बहन बबली ने बताया कि उसकी बहन रीना की शादी को बारह साल बीत जाने के बाद उसकी तबियत खराब होने लगी और जांच कराने पर ज्ञात हुआ कि उसको टीबी की बीमारी है। बताया कि बीमारी का पता लगते ही पति का रवैया बदल गया और आए दिन पति द्वारा उसके साथ मारपीट की जाने लगी, जिसकी सूचना बहन ने फोन द्वारा मायके वालों को बताई।

सूचना पर रीना के परिजन उसके ससुराल पहुंच गए और पुत्री को जिला अस्पताल ले गए, जहां रीना को भर्ती कर उसका उपचार शुरू किया गया। बताया कि उनका पति व ससुर बंटा भी साथ में अस्पताल आए जहां पर मायके के लोगों द्वारा पुत्री का उपचार कराने के बाद अपने साथ ससुराल ले जाने की बात कही, जिस पर सिद्धा ने पत्नी को साथ ले जाने से मना कर दिया और रीना को अस्पताल में छोड़कर बच्चों समेत फरार हो गया।



जिला अस्पताल में मौजूद महिला के परिजन। अमृत विचार

# 755 अपराधियों पर पुलिस ने की निरोधात्मक कार्रवाई

**खन्ना।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर कोतवाली, थाना पुलिस में टीमों का गठन कर क्षेत्र में अराजकतत्व व आपराधिक प्रवृत्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना खन्ना पुलिस टीम ने 755 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई अमल में लाई गई है। थानाध्यक्ष एनके नागर ने बताया कि 755 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई किए जाने से क्षेत्र के अराजतकत्तवों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं पुलिस का कहना है कि चुनाव को देखते हुए किसी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा सभी अपराधियों को जेल भेज दिया जयेगा और आम लोगों को नसीहत है कि किसी के बहकावे में न आयें।

# विपक्ष का गठबंधन नहीं भ्रष्टाचारियों का संगठन

कार्यालय संवाददाता महोबा

- ईडी भ्रष्टाचारियों से पूछताछ करके दूध का दूध और पानी का पानी अलग कर देगी : गुप्ता

**अमृत विचार।** भाजपा के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि विपक्षी दल एकजुट होकर गठबंधन नहीं बना रहे, बल्कि भ्रष्टाचारियों का संगठन बना रहे हैं। इसी उद्देश्य से कुछ दिनों पहले दिल्ली में इंडी गठबंधन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान में एक रैली आयोजित कर भ्रष्टाचार में लिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए हो हल्ला मचाया, लेकिन इनके हो हल्ला मचाने से कुछ नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि ईडी इन भ्रष्टाचारियों से पूछताछ करके दूध का दूध और पानी का पानी अलग करके दम लेगी।

गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ईमानदारी का ढोल पीटने वाले आप पार्टी के नेता एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जा रहे हैं। कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री भी आबकारी से संबन्धित घोटाले में जेल चले गए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अभी हाल में दिल्ली के रामलीला मैदान इंडी गठबंधन ने रैली की । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही पड़ेगा और यह मोदी की गारंटी है।

# जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की हुई मौत

**महोबा।** थाना अजनर क्षेत्र के ग्राम खोई में अज्ञात कारणों के चलते एक किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजन उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम खोई निवासी ज्योति (15) घर पर अपने भाई बहनों के साथ रहती थी और माता पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे। किशोरी ने किसी बात से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही माता पिता आनन फानन में ग्राम पहुंचे जहां बेटी की मौत से उनका बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। मौत के कारण का पता नहीं चला सका।

लापरवाही

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ, हर घर जल योजना में दिए गए कनेक्शन

# घरों में नल तो लग गए, मगर अभी तक नहीं मिला पानी

संवाददाता जैतपुर, महोबा

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना के तहत घर घर पानी पहुंचाने के लिए लगाए गए स्टैंड पोस्ट ठूंठ बनकर खड़े हैं और लोगों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। कहीं पर पाइप लाइन बिछाकर जलापूर्ति की जा रही है, तो कहीं पर पर्याप्त पानी न आने से घरों में लगा गए स्टैंड पोस्ट शोभा बढ़ा रहे हैं। पाइप लाइन जरुरत के अनुसार न डाले जाने ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं, जिससे केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना फ्लाप साबित हो रही है। ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं।

हर घर जल योजना के तहत करोड़ों रुपये की महत्वाकांक्षी पेयजल योजना के तहत गांव गांव में पाइप लाइन तो बिछा दी गई। ज्यादातर घरों में कनेक्शन भी कर दिए गए, लेकिन पानी के संसाधनों की अलग से व्यवस्था करने के बजाय पुरानी पाइन लाइनों से कनेक्शन जोड़ दिए गए, जिससे अब पानी की रफ्तार कम हो जाने से पीछे के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। कस्बा जैतपुर के मुख्य मार्ग सहित गलियों में भी जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछा दी गई साथ ही पानी सप्लाई भी शुरू कर दी गई। मुख्य मार्ग सहित कई स्थानों पर खुले पाइपों से पानी बह रहा है, जिससे पीछे रहने वाले लोगों के यहां पानी न पहुंचने से वहां के लोगों में पानी को लेकर हायतौबा मची हुई है।



घर में लगा नल सिर्फ दिखावा बनकर रह गया। अमृत विचार

> चेम्बर और वॉल की खराबी के कारण पेयजल समस्या उत्पन्न हुई है। वर्ष 2023 में यह योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दी गई थी। पेयजल योजना का रखरखाव और समस्या को दूर करने की जिम्मेदारी अब ग्राम प्रधान की है, लेकिन प्रधानों की रुचि न लेने से पेयजल समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रधानों को पत्र लिखकर लाइन में आई खराबी को शीघ्र दुरुस्त कराया जाएगा।
>
> **अनिल कुमार यादव सहायक अभियंता, जल निगम, महोबा**

कस्बे के मोहल्ला मडियापुरा, बेरपुरा, बजरिया, ढिमरौरापुरा, जैतपुर बाईपास रोड और शमशान घाट के निकट मोहल्लों में बिछाई गई पाइप लाइन तक पानी नहीं पहुंच रहा है, वहीं दूसरी तरफ मानक के अनुरूप पाइप लाइन भी नहीं बिछाई गई है। कस्बा वासी उमाकांत पाराशर, केशव प्रसाद रैकवार, भागीरथ कुशवाहा, हरिश्चंद्र रैकवार, बलवीर कुशवाहा का कहना है कि तीन माह बीत जाने के बाद भी जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, जबकि कई बार जल निगम के अधिकारियों और संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन देकर टालमटोल नीति अपनाई जा रही है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

ग्राम प्रधान नन्हेराम का कहना है कि कुछ अराजकतत्वों द्वारा पाइप लाइन के चेम्बर और वॉल के साथ छेड़खानी की गई, जिससे पानी की समस्या हो रही है, शीघ्र ही प्लंबर को बुलाकर समस्या को दूर कराया जाएगा।

# सजायाफ्ता पूर्व सांसद के ड्राइवर की बरेली सेंट्रल जेल से होगी सशर्त रिहाई

## 26 साल पहले हुए सामूहिक हत्याकांड में हाईकोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 20 साल से बंद कैदी के अच्छे चाल-चलन के चलते रिहाई का आदेश

**अमृत विचार।** शहर के चर्चित सामूहिक हत्याकांड में उम्रकैद की सजा पाए पूर्व सांसद अशोक सिंह चंदेल के चालक को अच्छे चालचलन के चलते हाईकोर्ट ने रिहा करने का आदेश दिया है। दोषी करीब 20 साल से जेल में सजा काट रहा है।



वर्तमान समय में वह बरेली सेंट्रल जेल में बंद है।

शहर के सुभाष बाजार में 26 जनवरी 1997 की शाम हुए गोलीकांड में पांच लोगों राकेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, भतीजे अंबुज उर्फ गुड्डा, निजी सुरक्षाकर्मी वेद नायक व श्रीकांत पांडे की सामूहिक हत्या कर दी गई थी। वादी पक्ष ने मामले में पूर्व विधायक अशोक सिंह चंदेल सहित 12 लोगों के खिलाफ हत्या करने का मामला दर्ज कराया था। इसमें खालेपुरा मोहल्ला निवासी चालक रुक्कू उर्फ रुकनुद्दीन भी था।

पुलिस ने मामले में पूर्व विधायक के सरकारी गनर को क्लीन चिट देते हुए 11 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। वर्ष 2003 में निचली अदालत ने पूर्व विधायक सहित 10 लोगों को दोषमुक्त कर दिया था। जबकि रुक्कू फरार था। बाद में वह कोर्ट में सरेंडर हो गया था।

### पलटा गया था निचली अदालत का फैसला

वर्ष 2003 में निचली अदालत से दोषमुक्त हुए सभी आरोपियों की रिहाई को लेकर पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले में उच्च न्यायालय ने वर्ष 2019 में पूर्व सांसद व विधायक अशोक सिंह चंदेल सहित अन्य नौ आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जिसमें दो आरोपियों की मुकदमा दौरान मौत हो गई थी। जबकि शेष सभी आरोपी अलग-अलग जेलों में सजा काट रहे हैं।

### सरकार से आवेदन निरस्त होने पर करेगा आत्मसमर्पण

दोषी पक्ष के अधिवक्ता प्राणेश सिंह ने बताया कि सजायाफ्ता के परिजन इस आशय से अंडरटेकिंग दाखिल करेंगे कि यदि बंदी का आवेदन सरकार निरस्त कर देती है तो वह आत्मसमर्पण कर जेल में दाखिल होगा। वहीं उसे पासपोर्ट संबंधित थाने में जमा करना होगा। साथ ही बिना अनुमति के विदेश यात्रा भी नहीं करेगा। बताया हाईकोर्ट ने अच्छे चाल चलन के चलते रिहाई का आदेश दिया है। जिसके तहत बंदी को रिहाई की सभी शर्तों का पालन करना होगा।

### 20 साल से सजा काट रहा था चालक

सजायाफ्ता रुक्कू उर्फ रुकनुद्दीन 20 साल से सजा काट रहा था। जिसे हाईकोर्ट ने पिछले 19 मार्च को जेल में अच्छे चाल चलन के चलते सशर्त रिहा करने आदेश जारी किया है। सजायाफ्ता की रिहाई को लेकर कागजी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उच्च न्यायालय ने डेढ़ लाख का स्व बंधपत्र व इतनी ही धनराशि के दो विश्वसनीय प्रतिभूति दाखिल करने पर सशर्त रिहा करने का फैसला दिया है।

### आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा पीड़ित पक्ष

पीड़ित पक्ष के भाजपा नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि रिहाई के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। कहा कि घटना जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों पर रिहाई का आदेश लागू नहीं होता है।

## बोरे में मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव में स्थित पहाड़ों के बीच तालाब नुमा गहरे गड्ढे में बुधवार की दोपहर बाद एक बोरे में बंद युवक का शव मिला था। शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को गड्ढे से बाहर निकला। जिसके बाद शव की शिनाख्त के लिए सीएचसी में रखवा दिया। टूंका गांव में स्थित पहाड़ों के बीच बने तालाबनुमा गहरे गड्ढे में एक युवक का शव बरामद हुआ था। सूचना पर कोतवाल उमेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव तालाब नुमा गहरे गड्ढे में पड़ा हुआ था। जिसे बाहर निकलवाया गया है। बताया कि मृतक युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष लग रही है। मृतक का शव लगभग 20 से 25 दिन पुराना लग रहा है। बताया कि शव पुराना होने के कारण उसका हुलिया समझ में नहीं आ रहा है। साथ ही शव से अत्यधिक दुर्गंध आ रही थी। शरीर पर काला जींस का पेंट ब्राउन कलर की चेकदार शर्ट पहने हुए हैं। कहा कि आसपास के इलाकों और गांवों में तस्दीक कराया गया तो कोई जानकारी नहीं मिली है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# भीषण गर्मी में भी शोपीस बने मौदहा कस्बे के वाटर कूलर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मजबूरी में लोगों को खरीदना पड़ रहा बोतल बंद पानी



कस्बे का खराब पड़ा वाटर कूलर।

**अमृत विचार।** कस्बे में आने जाने वाले लोगों और व्यापारियों के साथ ही कस्बे वासियों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से लगभग आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर वाटर कूलर लगवाए गए थे। इतनी भीषण गर्मी में नगरपालिका सहित अन्य स्थानों पर लगे वाटर कूलर खराब पड़े हैं। जबकि कुछ स्थानों से तो फ्रीजर ही नदारद हैं। हालांकि अधिशासी अधिकारी ने शीघ्र ही इन फ्रीजरों को सही कराने की बात कही है।

कस्बा सहित क्षेत्र के लोगों को गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कस्बे के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर नगरपालिका द्वारा फ्रीजरों को लगवाया गया था जिनसे कस्बे में आने वाले बाहरी लोगों के साथ ही कस्बे के राहगीरों और व्यापारियों को शीतल जल मिल जाता था। लेकिन इस साल जब गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। लेकिन नगर पालिका की ओर से खराब पड़े फ्रीजरों को सही कराने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके चलते कस्बे के व्यापारियों के साथ ही बाहर से आने वालों को न चाहते हुए भी लम्बे समय से बोतलों में बंद पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। जबकि व्यापारियों को मिनरल वाटर के नाम पर बिना मिनरल का केमिकल युक्त पानी का डब्बा खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिसे जहां अतिरिक्त धन की बर्बादी होती है तो वहीं लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। सबसे अधिक खराब स्थिति तो कस्बे के सरकारी अस्पताल की है, जहां पर प्रतिदिन हजारों लोगों को गर्म पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

बताते चलें कि नगर पालिका की ओर से कांजी हाउस, देवी चौराहा लाल कोठी, नगर पालिका, उपरौस, मलीकुआं चौराहा, तहसील के निकट, सरकारी अस्पताल, बड़ा चौराहा, छिमौली तिराहा सहित अन्य कई स्थानों पर फ्रीजर (वाटर कूलर) लगाए गए थे। जिनमें से देवी चौराहा, बड़ा चौराहा, मलीकुआं चौराहा के वाटर कूलर गायब हैं जबकि तहसील के निकट लगे वाटर कूलर का सिर्फ डिब्बा लगा हुआ है।

इस सम्बंध में अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि जल्द ही सभी फ्रीजरों को सही कराया जाएगा और जो सही कराने लायक नहीं होंगें तो आचार संहिता खत्म होने के बाद उन स्थानों पर नये वाटर कूलर लगाएं जाएंगे।

## दो घरों से चोरों ने नकदी और मोबाइल पार किया

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- छिमौली गांव में हुई घटनाएं पुलिस को दी गई तहरीर

**अमृत विचार।** चोरों ने ग्राम छिमौली में दो घरों से नकदी व मोबाइल चोरी कर लिए। पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी अलाउद्दीन और रामराज ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बुधवार रात चोरों ने उनके घरों से नकदी, जेवरात और मोबाइल फोन चोरी कर लिए। इसमें अलाउद्दीन के घर से चोरों ने दो एंड्रॉयड फोन और रामराज के घर से बक्से में रखे बीस हजार रुपये और जेवरात के साथ ही जरूरी कागजात चोरी कर लिए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि छिमौली गांव में अवैध शराब के व्यापार और जुए के सजने वाले फड़ों के कारण अक्सर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं।

# कर्ज में डूबे युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- साहूकारों का ढाई लाख रुपये कर्ज होने के कारण गिरवी रखी थी जमीन

**अमृत विचार।** कस्बे के गुलाब नगर मोहल्ले में कर्ज से परेशान एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



महेंद्र साहू।

कस्बे के गुलाब नगर मोहल्ला निवासी महेंद्र साहू 40 पुत्र रामअवतार जो ई रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की रात महेंद्र साहू ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। युवक की नाजुक हालत को देख मेडिकल कॉलेज के भी चिकित्सकों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान महेंद्र की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक महेंद्र ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार की गुजर बसर करता था। महेंद्र साहू मूल रूप से मुस्कुरा थाने के इमलिया गांव का रहने वाला था। बताया कि कर्ज के चलते उसकी पूरी जमीन गिरवी रखी हुई थी। महेंद्र के ऊपर लगभग साहूकारों का ढाई लाख रुपए कर्ज था। बताया कि जमीन गिरवी रखे होने और कर्ज की चिंता से परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी गीता के अलावा 14 वर्षीय पुत्री नैंसी, 12 वर्षीय पुत्री निधि व 8 वर्षीय पुत्र अंशु सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## खेत पर खड़ा थ्रेसर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** चिकासी थाने के इस्लामपुर गांव में अज्ञात चोरों ने खेत पर खड़ी एक थ्रेसर मशीन चोरी कर ले गए।

इस्लामपुर गांव निवासी रामबिहारी पुत्र विशंभर दयाल ने बताया कि उसकी थ्रेसर मशीन खेत पर खड़ी हुई थी। जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। बताया कि थ्रेसर मशीन को खेत पर न देख कर उसने अपने सभी परिचितों से पूछतांछ करते हुए खोजबीन भी की। लेकिन उसकी थ्रेसर मशीन का कहीं भी पता नहीं चल सका। बताया कि उसने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चिकासी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## सार-संक्षेप

### रामनवमी पर दुल्हन की तरह सजेगा सुमेरपुर कस्बा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** रामनवमी पर्व की तैयारियों के लिए रामनवमी सेवा समिति ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जोरदार तैयारियां की। कस्बे को दुल्हन की तरह सजाने के लिए भगवा झंडों एवं झालर को बड़ी संख्या में तैयार किया जा रहा है। रामनवमी सेवा समिति प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकालने के साथ कस्बे को दुल्हन की तरह भगवा रंग से सजाने की तैयारियां जोर-शोर से जा रही है। समिति भगवा झंडो के साथ भगवा कलर की झालर तैयार कराने में जुटी हुई है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्र पर्व शुरू होते ही कस्बे को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा।

### पाइप लाइन डालने को खोदे गए रास्ते चलने लायक नहीं

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नमामि गंगे की उदासीनता से पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए मार्गों की हालत मरम्मत न हो पाने से आवाजाही में दिक्कत पैदा कर रहे हैं। बिदोखर पुरई और बिदोखर मेदनी के दो मुख्य रास्तों पर मरम्मत का काम अभी तक अधूरा पड़ा है। रास्तों पर कीचड़ होने से लोग वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। ग्रामीण शिवेंद्र सिंह, आशू सिंह महेश पाल आदि ने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए बिदोखर पुरई में जग्गन पाठक के यहां से राम सिंह के मकान तक तथा बिदोखर मेदनी में ग्राम प्रधान के यहां से छानी रोड तक रास्ते खोदे गए थे। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी इन रास्तों की मरम्मत नहीं कराई गई है। जिससे रास्तों में दलदल बना रहता है। जिससे स्कूली बच्चों सहित राहगीर निकल नहीं पाते हैं। लोगों ने बताया कि कई बार रास्ता ठीक कराने की मांग की जा चुकी है।



बिदोखर पुरई में खोदी गई सड़क पर भरा पानी।

### शराबियों ने युवती के साथ की अभद्रता

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम बिदोखर मेदनी में दो शराबी युवकों ने दरवाजे पर शराब पीने से मना करने पर युवती के साथ जमकर गालीगलौज की। पीड़िता ने मामले की शिकायत थानाध्यक्ष से की है। थानाध्यक्ष ने मामले की जांच इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज को सौंपी है। बिदोखर मेदनी निवासी संध्या कुशवाहा का आरोप है कि बीती रात गांव निवासी फूल सिंह, अशोक कुशवाहा घर के दरवाजे पर बैठकर शराब पी रहे थे मना करने पर दोनों ने जमकर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीडिता का आरोप है कि आरोपी आए दिन शराब पीकर अकारण गाली गलौज करते हैं। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने मामले की जांच इंगोहटा चौकी इंचार्ज शिव शंकर पांडे को सौंपकर रिपोर्ट तलब की है।

### दबंगई के बल पर गेहूं और जौ की फसल काटी

**हमीरपुर।** किसान ने परिजनों संग गुरुवार को गांव के ही दबंग युवक पर खेत में खड़ी गेहूं और जौ की फसल काटने का आरोप लगा जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। बिवांर थाना क्षेत्र के बंडा गांव निवासी परशुराम ने डीएम को दिए पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि गाटा संख्या 70 मि0 रकबा 0 .461 हेक्टेयर कृषि भूमि है जिस पर गेहूं व जौ की फसल बोई थी, जो पककर काटने को तैयार थी। गांव के ही दबंग संजय सिंह ने एक दर्जन असलहाधारियों के साथ उसकी फसल को हार्वेस्टर से बीते बुधवार की रात में कटवा ली। बताया कि इस मौके पर उसका भतीजा राहुल मौजूद था। जिसे उक्त लोगों द्वारा मौके से भगा दिया गया। पीड़ित ने उक्त दंबग युवक से काटी फ़सल वापस दिलाने सहित उक्त के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# अधूरी पेयजल योजना का जाना सच

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



गुसियारी गांव में पेयजल योजना का निरीक्षण करते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

- डीएम ने ग्रामीणों को जल्द ही पेयजल समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिया

**अमृत विचार।** पानी की किल्लत से जूझ रहे गुसियारी पेयजल योजना की जमीनी हकीकत पिछले तीन साल से बेहद खराब है। इसमें दो नलकूप व ओवरहेड टैंक के साथ कुछ स्थानों पर पाइप लाइन भी डाली गई। लेकिन बजट की कमी से जूझ रहे ठेकेदार ने काम ही बंद कर दिया था।

जनमानस को पानी की उम्मीद टूट गई। लगातार तीन साल से ग्रामीण दूर दराज बने एक मात्र कुएं के सहारे हैं। या फिर ग्राम पंचायत के टैंकर का पानी उपयोग में ला रहे हैं। इस पेयजल योजना के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने प्रधान असरार अहमद खा व अन्य ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें जल्दी ही पानी मिलेगा।

पिछले तीन साल से निर्माणाधीन योजना के ठेकेदार को एक करोड़ 13 लाख अभी तक हीं मिला है। यही हाल कपसा गांव की पेयजल योजना का है। ढाई करोड़ रुपये से बनी योजना में अभी भी पाइप लाइन विस्तार का कुछ काम बाकी है। यहां भी ठेकेदार का लंबा बकाया पड़ा है। योजना संचालित हुए दो वर्ष हो गए। गुरुवार को जिलाधिकारी के साथ सीडीओ, एसडीएम राजेश चंद तथा जल निगम अभियंता पहुंचे तो ग्रामीणों को पानी मिलने की उम्मीद जगी है कि अब शायद सरकार से बजट आए और पेयजल का काम पूरा हो सके। उधर गुसियारी प्रधान असरार अहमद खान ने कहा कि ग्रामीण जमाने से पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। ठेकेदार का लाखों बकाया होने पर काम छोड़कर भाग गया। जिलाधिकारी से कहा कि लोगों को पानी के टैंकर से पेयजल की आपूर्ति भी शुरू करा दी है, लेकिन यह कब तक चलेगा। कपसा प्रधान विजय कुमार ने बताया गांव में दो वर्ष से योजना काम लगभग पूरा है। कुछ पाइपलाइनों का विस्तार रह गया। ठेकेदार ने पैसे के अभाव में काम बंद रोक दिया ।

## पीआरडी जवान के घर जाकर गालीगलौज

**मौदहा।** अपने काम की मजदूरी मांगने से नाराज दबंग ने पीआरडी जवान को घर जाकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पीआरडी जवान ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बिवांर थाना के ग्राम कुनेहटा निवासी राजन प्लम्बर उर्फ बलबीर पीआरडी का जवान है। साथ ही वह प्लम्बर का काम करता है। पीड़ित ने बताया कि उसने कस्बे के इम्तियाज उर्फ बबलू ने उससे काम कराया था। जिसका पैसा नहीं दिया। साथ ही बताया कि उसने फिर से काम करने के लिए बुलाया तो पीड़ित ने पहले अपने पैसे मांगे। जिससे नाराज होकर इम्तियाज ने घर जाकर गाली गलौज करने के साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रुपये दिलाने की मांग की है।

# बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर के संचालन पर हुई कार्रवाई

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं मिलने पर विभाग कर रहा सीज करने की तैयारी

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के टेढ़ा गांव में बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने छापा मारकर बड़ी संख्या में प्रतिबंध दवाई पकड़ी है। बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर को सीज करने की कार्यवाही चल रही है।

टेढ़ा गांव में संचालित अमन मेडिकल स्टोर से नशीली दवाओं की बिक्री किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस से की थी। जिस पर पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक अरविंद कुमार को हिरासत में लिया और दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को सूचना दी थी। जिस पर गुरुवार को ड्रग इंस्पेक्टर मनोज कुमार मेडिकल स्टोर पहुंचकर जांच पड़ताल की। तो उन्हें बिना लाइसेंस के ही मेडिकल स्टोर संचालित मिला। इस पर उन्होंने मेडिकल स्टोर में मौजूद सभी दवाओं को कब्जे में लेकर सूची तैयार करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि टेढ़ा गांव में संचालित अमन मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के चल रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर मामला उजागर हुआ है। उन्होंने बताया कि यह मेडिकल स्टोर अभी कुछ महीने पहले ही शुरू हुआ था।

मेडिकल की दवाएं कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी कर इसकी सीजर की कार्यवाही की जा रही है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर पुलिस ने प्रतिबंधित दवाओं को कब्जे में लेकर ड्रग इंस्पेक्टर को सूचना दी थी। जिस पर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

स्वीप कार्यक्रम

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन

# ‘पहला मत देश के नाम, मतदान करना देश का काम’

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन झलकारी बाई सभागार जिला पंचायत में किया गया।

उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी खालिद अंजुम ने दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए कवियों एवं शायरों ने मतदाता जागरूकता एवं मतदान के महत्व पर विचार व रचनाएं पेश की। इसमें गणेश सिंह विद्यार्थी ने कविता “पहले मत देश के नाम, मतदान करना धर्म का काम पढ़ी सुरेश भदौरिया ने लोकतंत्र का है पर्व वोट सभी करें, इससे मजबूत होगा लोकतंत्र नोट सब करें। अंशुमान पाठक ने जनमत की शक्ति को सभी जान-जान लीजिए मतदान के महत्व को पहचान लीजिए कविता पढ़ी। अन्त में स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली ने जिला प्रशासन का संदेश देते हुए कहा कि आप सभी कवि व शायरों का उत्तरदायित्व है कि वह अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रत्येक मतदाता तक 20 मई को मतदान हेतु जागरूक करें तथा जनपद का मतदान प्रतिशत देश मे सबसे अधिक रहने का लक्ष्य पूर्ण करें। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एएमए अमित राज सिंह, कवि अवधेश साहू, हरि किशन सेन, रेती कुमार पाठक, नाथूराम पथिक, गणेश सिंह विद्यार्थी, मुन्नीलाल अवस्थी, हरिराम गुप्ता, सुरेश भदौरिया, शिवकरण, कैलाश सोनी, नारायण प्रसाद रसिक, मो सलीम, अनवर खान, एजाज दीवाना, अर्पित दीक्षित, उमेश सोनी रहे। संचालन कवि लखनलाल जोशी ने किया।

### लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान की दिलाई शपथ

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम बांकी व बिलहड़ी में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम बांकी व बिलहड़ी में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें वोट डालने जाना है, बीस मई को जाना है। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओं मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर एडीओ आईएसबी जगदंबा प्रसाद, सचिव सोनाली सचान सहित ग्रामीण व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रहीं।




बांकी गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार




भैसापाली गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

## रैली निकालकर मतदान के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के भैसापाली व सिकरोढ़ी गांव में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया।

लोकसभा में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए प्रशासन के निर्देश पर प्रतिदिन मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में क्षेत्र के भैसापाली व सिकरोढ़ी गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदी तथा छात्र छात्राओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदाता जागरूकता रैली में एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल, किरण देवी, ब्लॉक मिशन प्रबन्धक मयंक सिंह, आंगनबाड़ी आशा आदि लोग मौजूद रहे।

## छह सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों ने दिया ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** लेखपाल संघ ने अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंप शीघ्र ही निराकरण किये जाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा है कि लेखपाल महेश कुमार गुप्ता के साथ मारपीट व अभद्रता तथा जान-माल की धमकी देने वाले टोलामाफ निवासी रंधावा सिंह की शीघ्र गिरफ्तारी हो। पीड़ित लेखपाल का इंचार्ज क्षेत्र तत्काल हटाया जाए। लेखपालों का मासिक भत्ता 200 से बढ़ाकर तीन सौ रुपये किया जाए। लेखपालों द्वारा फसलों के समाकलन में होने वाली समस्या को देखते हुए इनका समाकलन नहीं किया जाएगा। स्थानांतरण एवं प्रतिनियुक्ति से सम्बंधित समस्याओं को दूर किया जाए जिसमें शासनादेश के बावजूद लेखपालों के स्थानांतरण और संबद्धीकरण के बीस दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक इसमें अमल नहीं किया गया है।

# पुलिस अधिकारी बनकर वसूली करने वाला हत्थे चढ़ा

## बिसंडा पुलिस और साइबर क्राइम टीम ने किया गिरोह का भंडाफोड़, गिरोह के फरार सदस्यों की तलाश में जुट गई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बांदा



घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधिकारी बनकर विभिन्न मुकदमों में वादी तथा प्रतिवादी से काम कराने का झांसा देकर पैसे की वसूली करने वाले गिरोह का पुलिस का पर्दाफाश करते हुए एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया जबकि फरार सदस्यों की पुलिस तलाश में जुटी है।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने अवैध वसूली करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए बताया कि बिसंडा थाना क्षेत्र के दफ्तरा गांव निवासी मनीष पटेल ने एक अप्रैल को पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि 31 मार्च की शाम को एक पुलिस अधिकारी द्वारा उनके फोन पर काल करके कहा गया कि वह एसपी कार्यालय से बोल रहे हैं। उसने कहा कि तुम्हारी पत्नी ने तुम्हारे विरुद्ध मुकदमा लिखवाया है। यदि मुकदमा समाप्त कराना चाहते हो तो इसी नंबर पर 50 हजार रुपए पेटीएम से भेज दो। यदि तुमने ऐसा नहीं किया तो तुम्हे जेल जाना पड़ेगा। प्रकरण का संज्ञान लेकर एसपी ने साइबर थाना व थाना बिसंडा की संयुक्त पुलिस टीम को मामले के अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस की मदद से शिकायतकर्ता के पास आए काल के मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर मानवेंद्र उर्फ मोनू यादव पुत्र प्रभुदयाल यादव निवासी महेवा चक-2 थाना लेधौरा जनपद टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) को पुलिस ने थाना सैदरी जनपद निवाड़ी पुलिस की सहायता से ग्राम तरीचर खुर्द से पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त मानवेंद्र द्वारा बताया गया कि उसके गांव महेवा के अधिकांश लड़के इसमें संलिप्त हैं। वह उत्तर प्रदेश पुलिस के यूपी कॉप एल्पीकेशन के माध्यम से प्रदेश के किसी भी जनपद के किसी भी थाने में पंजीकृत एफआईआर की कापी निकालकर उसका पूरा मामला समझते हैं और पुलिस अधिकारी बनकर दूसरे के नाम से जारी फर्जी नाम, पता के सिमकार्ड से मुकदमे के वादी से वार्ता कर पैसे की वसूली करते हैं। साथ ही मुकदमे के वादी से प्रतिवादी का नंबर लेकर प्रतिवादी से मुकदमा समाप्त कराने का भरोसा दिलाकर पैसे की वसूली करते हैं। पैसे न देने पर जेल भेजने के लिए डराते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसको यह काम उसके गांव के ही राहुल यादव ने सिखाया था तथा वही सिम कार्ड व मोबाइल उपलब्ध कराता था। साथ ही किस खाते में पैसा लेना है वही बताता है। जो भी पैसा फर्जीवाड़े से मिलता है उसका 30 प्रतिशत राहुल लेता था। अभियुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि 31 अप्रैल को उसने थाना बिसंडा के ग्राम दफ्तरा के मनीष पटेल को फोन किया था। अभियुक्त के कब्जे से फर्जीवाड़े में प्रयुक्त एक फोन व एक फर्जी सिमकार्ड बरामद हुआ हैं। फरार राहुल यादव एवं अन्य की तलाश की जा रही हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अकरम सिद्दीकी, साइबर थाना हेड कास्टेबिल जाफरुल इस्लाम, अनिल कुमार आर्य, हिमांशु वर्मा रहे।

### जिलाबदर समेत दो गिरफ्तार, गांजा व तमंचा बरामद

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस लगातार धरपकड़ की कार्रवाई कर रही है। कालिंजर पुलिस ने सिंघौटी गांव के मजरा केवटन पुरवा में छापा मारकर राम आसरे निषाद पुत्र छोटा निषाद के घर के पीछे स्थित बाड़े में गांजा की खेती करते हुए पकड़ लिया। उसके पास से पुलिस ने तीन किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष जयचंद्र सिंह, उप निरीक्षक दिनेश कुमार व भरतलाल और कांस्टेबिल नितिन तोमर व महिला कांस्टेबिल पूनम शामिल रहे। उधर, बिसंडा थानांगर्तत बिलगांव चैकी इंचार्ज पवन पांडेय, कांस्टेबिल अरविंद यादव व मनोज ने चेकिंग के दौरान घूरी गांव निवासी अरविंद रैदास उर्फ जंगू पुत्र श्यामसुंदर रैदास को गिरफ्तार करते हुए 315 बोर तमंचा व दो कारतूस बरामद किए। चौकी इंचार्ज के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी जिलाबदर है।

## सार-संक्षेप



पाइप लाइन ठीक करते जल संस्थान कर्मी। अमृत विचार

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से दो वार्डों में पानी की किल्लत

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा के बेरी तिराहे पर ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण कार्य कराए जाने से वार्ड नंबर 3 व 9 में पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन टूट गई। इससे पेयजल समस्या पैदा हो गई। कस्बे में हमीरपुर कालपी हाईवे के किनारे नगर पंचायत द्वारा नाला निर्माण कार्य करवाने के लिए ठेकेदारों ने जेसीबी से सफाई करवाने पर पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन टूट गई थी। जिससे बीते बुधवार से वार्ड नंबर 9 व 3 में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। वार्ड नंबर 9 निवासी रामेश्वर, सुनील कुमार आदि ने बताया कि बीते दो दिनों से पानी की आपूर्ति न होने से पेयजल की किल्लत पैदा हो गई। वहीं हंस वाहिनी ज्ञान मंदिर के सामने लगा हैंडपंप खराब हो जाने से दूरदराज से पानी लाना पड़ रहा है। इस बाबत जल संस्थान के लिपिक राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि नाला निर्माण कार्य की सफाई होने पर पाइप लाइन टूट गई थी।



प्रशिक्षण में जानकारी देते जिला सलाहकार सिद्ध गोपाल त्रिवेदी। अमृत विचार

### स्वच्छता समिति को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता समिति का प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जल जीवन मिशन के तहत यूनोप्स व आईडीएस के सहयोग से देवीगंज गांव में पानी समिति के सदस्यों को पेयजल योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए एवं रख रखाव के लिए गिमुहा डांडा, बेरी, भैसापाली और डामर में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में यूनोप्स के जिला सलाहकार सिद्ध गोपाल त्रिवेदी ने जल जीवन मिशन के उद्देश्य तथा योजना के रखरखाव के लिए पानी समिति की जिम्मेदारी व उत्तरदायित्व के बारे में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान रामायण प्रसाद, पंचायत सचिव विकास चौधरी, रोहित, कमल यादव, चंद्रदेव पंचायत सहायक, बिमलेश और पानी समिति के सदस्य तथा गांव के लोग उपस्थित रहे।

### विनय पाल बने गठबंधन के कोऑर्डिनेटर

**चित्रकूट।** अधिवक्ता विनय कुमार पाल को इंडिया गठबंधन का हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र का कोआर्डिनेटर बनाया गया है। विनय ने बताया कि उनको लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशियों का सहयोग करने के लिए उप्र कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वग्र विभाग ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होने इस जिम्मेदारी के लिए कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

### नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**बांदा।** अखिल भारत वर्षीय अयोध्यावासी वैश्य महासभा की बैठक में भाजपा के मिशन 2024 को सफल बनाने और नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। केंद्र और प्रदेश सरकारों जन कल्याण नीतियों और योजनाओं की चर्चा की। अखिल भारत वर्षीय अयोध्यावासी वैश्य महासभा नवयुवक महासभा के तत्वाधान में आयोजित परिचयात्मक बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल ने भागीदारी की। नवयुवक महासभा प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कान्हा समेत अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने सांसद का माल्यार्पण करते हुए रामलला का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। सांसद ने पीएम मोदी का संदेश देते हुए महासभा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओंको एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर विकास गुप्ता दद्दा, वीरेंद्र गुप्ता, रज्जू अग्रवाल, हनी गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, प्रेम रहे।

## एक नजर

### करंट से तीन लोग झुलसे

**बांदा।** शहर के खुटला निवासी हुसैन (28) पुत्र अब्बास अली गुरूवार की दोपहर कालू कुआं में गडडा खोदकर कर नल का कनेक्शन कर रहा था। तभी गडडे में कही से अर्थिंग वायर में करंट उतर आने से चपेट में आकर झुलस गया। इसी तरह झील का पुरवा निवासी लक्ष्मी (35) पत्नी बिष्णू बुधवार की रात पंखे का प्लाग लगा रही थी। तभी उसका हाथ कटे हुए तार में छू गया। जिससे करंट की चपेट आ कर झुलस गई। बिसंडा कस्बा निवासी मुनीम (35) पुत्र लाला करंट लगने से झुलस गया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### घर में लहूलुहान मिला साधु

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना क्षेत्र के धौहल बुजुर्ग गांव में 40 वर्षीय साधु संदिग्ध परिस्थितियों में लहूलुहान हालत में घर में मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजन सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज उरई रेफर किया है। क्षेत्र के धौहल बुजुर्ग गांव निवासी दशाराम ने बताया कि बड़ा बेटा हरीराम (40) साधु है और अयोध्या में रहता है। बचपन से ही साधुवेश धारण कर घर से निकल गये थे। शादी भी नहीं हुई है, मगर घर आते जाते रहते हैं। बुधवार शाम को गांव आये थे। गुरुवार को घर में अकेला छोड़ कर घर के लोग खेतों में फ़सल की कटाई करने गये थे। शाम को घर आकर देखा तो हरीराम लहूलुहान हालत में पड़े थे। उनके हाथ में चाकू और गले से खून निकल रहा था। आनन फानन में एम्बुलेंस से हरीराम को सीएचसी ले आए। जहां डॉ. अखिलेश्वर देवल ने घायल कोमेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया है। थानाध्यक्ष ब्रजमोहन ने बताया कि घटना की सूचना नहीं है।

### इंगोहटा में गेहूं खरीद शुरू

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के इंगोहटा क्षेत्रीय सहकारी समिति में गुरुवार को गेहू खरीद की बोहनी हुई। सचिव ने किसान एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। समिति के सचिव अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को गेंहू खरीद की शुरुआत हुई है। जिसमे शुभकरण सिंह परिहार का 190 क्विंटल, उनकी पत्नी उर्मिला सिंह परिहार का 60 क्विंटल और उनके पुत्र अभय सिंह परिहार का 50 क्विंटल कुल तीन सौ क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। सर्वप्रथम गेहू बेचने पर किसान और पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# अस्पताल स्टाफ व पालिकाध्यक्ष के भाई में बढ़ी तकरार, आरोप-प्रत्यारोप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



सीएमएस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग करते चिकित्सक व स्टाफ।

**अमृत विचार।** इन दिनों जिला पुरुष अस्पताल का स्टाफ और पालिकाध्यक्ष के भाई के बीच तकरार जारी है। अस्पताल प्रशासन की ओर से बिना परमीशन ब्लड बैंक में मनमानी करने सहित राजनीतिक धौंस जमाने का आरोप लगा रहा है। दोनों पक्षों में पिछले दो दिनों से शीत युद्ध जारी है। इस मामले से संबंधित वीडियो भी वायरल किए जा रहे हैं। गुरुवार को अस्पताल स्टाफ ने सीएमएस को पत्र सौंपा है। पत्र में ऐसे लोगों को बाहर करने की मांग की और पूरी न होने पर कार्य बहिष्कार करने तक की चेतावनी भी दी है।

मुख्यालय स्थित दीवान शत्रुघ्न सिंह संयुक्त जिला चिकित्सालय (पुरुष) के चिकित्सकों, ब्लड बैंक में काउंसलर वीरेंद्र कुमार, डॉ सुरेश कुमार, अभिषेक, भूपेंद्र, सिंह, सुशील कुमार सहित समस्त स्टाफ ने सीएमएस को दिए पत्र में आरोप लगाया कि जिला अस्पताल में नगर पालिका चेयरमैन के भाई अशोक निषाद (गुरु) लगातार तीन वर्षों से बिना किसी कार्य के ब्लड बैंक के सभी कक्षों में बिना परमीशन बैठते है। साथ ही डोनर काउच पर लेटते हैं। कहा अन्य चिकित्सा कक्षों में घुसकर मनमानी करते हैं। मना करने पर स्टाफ से अभद्रता पर उतारू होते हैं। बिना अनुमति के ब्लड बैंक के अंदर जन्मदिन व शादी की सालगिरह मनाने से मना करने पर राजनीतिक धौंस दिखाने का भी आरोप लगाया है।

चेयरमैन के भाई अशोक निषाद गुरू बुंदेलखंड रक्तदान समिति का संचालन करते हैं। इनके द्वारा अपने साथियों के साथ अस्पताल में रहकर लोगों की मदद करने की बात कही जाती है। दो दिन पूर्व जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में बुंदेलखंड रक्तदान समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक निषाद गुरु और अस्पताल स्टाफ के बीच कहासुनी हुई थी। फिलहाल दोनों तरफ से व्यवस्थाओं को लेकर तकरार तेज हो गई है। अस्पताल प्रशासन से हुई तकरार के बीच कहासुनी व बैठने तथा ब्लड बैंक में धमा चौकड़ी करने वाले वीडियो भी वायरल किए जा रहे हैं। अस्पताल स्टाफ ने एकजुट होकर सीएमएस से शिकायत कर हस्तक्षेप करने की मांग की है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एसपी गुप्ता ने बताया कि बुधवार को मामला प्रकाश में आने पर दोनों पक्षों में समझौता कराया है। वहीं गुरुवार को हुए विवाद पर कहा देखेंगे।

# रिपोर्ट वापस न लेने पर दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- होली के दिन घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट करने की दर्ज है एफआईआर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के खंडेह गांव में होली के दिन घर में घुसकर मारपीट व लूट की घटना की एफआईआर दर्ज कराई थी। तब इस मामले के आरोपियों ने पीड़ित पक्ष पर मुकदमा वापस लेने को लेकर पीड़ित परिवार को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। जिस पर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम खंडेह में होली के दिन गांव निवासी भूपत यादव पुत्र राम आसरे ने अपने भाई व एक साथी के साथ भूपेंद्र तिवारी पुत्र कपिल देव के घर में घुस कर मारपीट करते हुए सोने की चेन छीन ली थी। पीड़ित भूपेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। एक अप्रैल को जब भूपेंद्र खेतों पर था तभी भूपत यादव पुत्र राम आसरे, अमित यादव पुत्र कल्लू, अखिलेश यादव पुत्र बल्लू व हरिया यादव पुत्र कालीदीन ने उससे मुकदमा वापस लेने का दबाव बना गाली गलौज की और मुकदमा वापस न लेने की दशा में जान से मारने की धमकी दी।

# कब्जा करने पर एफआईआर दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के ब्रम्हनपुर गांव में अवैध कब्जा करने पर राजस्व निरीक्षक ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। राजस्व विभाग के निरीक्षक अशोक कुमार निगम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि ब्रम्हनपुर गांव में गाटा संख्या 147 भूमि हरिजन आबादी के लिए सुरक्षित की गई है। उस पर गांव के देव सिंह ने अवैध कब्जा कर लिया है। राजस्व निरीक्षक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी देव सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# लीडर सहित तीन गैंगस्टरों की जमानत अर्जी खारिज

**हमीरपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र के गैंग लीडर सहित तीन गैंगस्टरों की अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय मनोज कुमार शासन की अदालत ने जमानत खारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बिवांर थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया कि पिछले 17 फरवरी को वह अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी लोगों से जानकारी मिली कि अंकित शिवहरे, दीपक शिवहरे व ब्रजराज यादव का एक सक्रिय गिरोह है। बताया 24 सितंबर 2023 को आरोपियों के पास से 90 किलो गांजा व तमंचा बरामद कर जेल भेजा गया था। जिनके खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट ने पिछले 16 फरवरी को गैंग चार्ट अनुमोदित किया था। वहीं दूसरे मामले में बताया कि कुरारा थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी गैंग लीडर शिवम अहिरवार व शिवचरण अहिरवार अपने आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए अपराध करते हैं। उन्होंने सितंबर 2023 में पडुई गांव निवासी अजय निषाद के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। उनके खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट ने गैंग चार्ट का अनुमोदन किया था। बताया कि कोर्ट ने गैंग लीडर शिवम अहिरवार, शिवचरण अहिरवार व दीपक शिवहरे की जमानत अर्जी निरस्त कर दी हैं।

# प्रधानों ने बैठक कर बीडीओ की कार्यप्रणाली पर जताया आक्रोश

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



ब्लाक सभागार में बैठक करते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खंड विकास अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रधान संगठन में रोष छाया हुआ है गुरुवार को प्रधानों ने बैठक कर खंड विकास अधिकारी के विरूद्ध विरोध करने का फैसला किया। बैठक के दौरान प्रधान संगठन के अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायत संबंधी कार्यो को लेकर प्रधानों से बात नहीं करते हैं। आरोप लगाया कि खंड विकास अधिकारी प्रधानों से बात न कर अपने माध्यम से बात कर करना चाहते हैं। जिससे कि प्रधानों से अनैतिक वसूली की जा सके। प्रधानों ने रोष व्यक्त करते हुए नारेबाजी कर विरोध जताया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजवती लिधौरा, कामता प्रसाद बरदा, शीलम सैदपुर, राजेंद्र सिंह इटौरा राठ, मनोज कुमार झिन्नावीरा, भारती नौरंगा, केशव प्रसाद, शत्रुघ्न सिंह, रामकुमार, चंदी, देवीदीन, ऊषा रानी, कमलेश, सरोज देवी, नीतू, शैलेंद्र यादव मौजूद रहे।

**तैयारी** — जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# 18 से 21 तक होगा मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



महिला डिग्री कॉलेज में प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने राजकीय महिला डिग्री कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज कुछेछा का भ्रमण किया। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल पर साफ-सफाई, शौचालय, बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी व्यवस्थाओं को समय पर दुरूस्त कराने के निर्देश संबंधित को दिए।

मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 18 से 21 अप्रैल तक राजकीय महिला डिग्री कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज कुछेछा में प्रस्तावित है। प्रशिक्षण स्थल पर मतदान कार्मिको के मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी ने दोनों स्थानों का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिकों को जितना अच्छा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा उतना ही अच्छा वह मतदान से संबंधित कार्यो को कर पायेगें। कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगायी जाएगी उनका दायित्व होगा कि प्रशिक्षण अवधि में निर्धारित समय सीमा पर पहुंचना सुनिश्चित करें। यदि किसी कार्मिक द्वारा प्रशिक्षण में लापरवाही बरती जाएगी तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मतदान एक लोकतांत्रिक पर्व है, इसमें जिस किसी भी जिम्मेदारी निर्वाहन का दायित्व सौंपा जाता है वह पूर्ण मनोयोग से अपने-अपने कार्यों को करें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गुसियारी तथा कपसा ग्राम पेयजल योजना का निरीक्षण किया। जहां गुसियारी में जलापूर्ति में आ रही समस्याओं के निस्तारण समयबद्ध तरीके से कराने के निर्देश दिए। वहीं पुरानी टंकी के परिसर में गंदगी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम विजय शंकर तिवारी, न्यायिक डॉ.नागेन्द्र नाथ यादव, जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम राजेश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मौदहा के अमन बने झांसी के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

**हमीरपुर।** जनपद के कस्बा मौदहा निवासी भारतीय रेलवे यातायात (आईआरटीएस) सेवा के 2010 बैच अधिकारी अमन वर्मा उ. मध्य रेलवे झांसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया।



अमन वर्मा।

इससे पूर्व आगरा मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर आसीन रहे। प्रथम पोस्टिंग सहायक वाणिज्य प्रबंधक टूंडला के पद पर प्रयागराज मंडल में हुई थी। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं। अमन वर्मा ने कई किताबें लिखी हैं। जिसमें इश्क-ए-शहादत कृति के लिए उन्हें रेलवे बोर्ड की ओर से प्रेमचंद पुरस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है। अन्य पुस्तकों में टूंडला शहर पर आधारित हम ख़्वाब, महान क्रांतिवीर चन्द्रशेखर आज़ाद की जीवनी पर आधारित पुस्तक इश्क-ए-शहादत, प्रयागराज शहर पर आधारित फीनिक्स, काव्य संग्रह जिजीविषा, क्रांतिदूत सहित हिंदी साहित्य के आकाश सम्मिलित हैं। इन्होंने यह पद निवर्तमान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी से ग्रहण किया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# सीसीटीवी कैमरा से रखें पैनी नजर अराजकत्वों पर करें कठोर कार्रवाई

## नवरात्रि, रामनवमी, ईद पर्व के तहत डीएम ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक ईरज रजा द्वारा आगामी त्योहार रामनवमी, रमजान, ईद के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी सतर्कता बरतें, ताकि किसी भी स्थान पर कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई विद्युत एवं पानी की समुचित व्यवस्था करें। सभी संवेदनशील चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा से पैनी नजर रखी जाए, जिससे अराजकता फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्थानीय गणमान्य लोगों एवं संभ्रांत नागरिकों की बैठकों का आयोजन करें, और इन त्योहारों को पूर्ण सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने का माहौल तैयार करें, ताकि कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न होने पाए। क्षेत्र में अमन व शांति का वातावरण बना रहे। उन्होंने कहा कि संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी नमाजिया खुले में नमाज न करें। नवरात्रि के अवसर पर समस्त मंदिरों में बिजली, साफ सफाई व पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। यह भी सुनिश्चित्र रहे कि मंदिरों में मेला आदि आयोजन किए जाते हैं, जिसको लेकर सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की समुचित व्यवस्था रहे, साथ ही कंट्रोल रूम की भी स्थापना की जाए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम एम्बुलेंस जीवन रक्षक दवा सहित कैंप लगाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों पर सतर्क एवं सजक दृष्टि रखते हुए निरंतर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के विवादित स्थलों का पूर्व में ही निरीक्षण कर लें और किसी भी अवस्था में नई परंपरा की अनुमति न दें। उन्होंने कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था को धूमिल करने का प्रयास करने वाले असामाजिकतत्वों पर कड़ी निगाह रखें और अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल खराब करने वाले अराजकतत्वों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सभी शराब के ठेकों की जांच की जाए, साथ ही खुले में शराब पी रहे लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में प्रशिक्षण लेतीं ईएमटी। अमृत विचार

# एंबुलेंस में प्रसव के दौरान बरतें विशेष सावधानी

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 102 एंबुलेंस सर्विस की महिला बैच का क्लस्टर प्रशिक्षण चल रहा है, अलग-अलग पांच जिलों जैसे की इटावा, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर की ईएमटी महिलाओं ने गुरुवार को लखनऊ से आए ऑडिटर रामकिशन व ट्रेनर आशीष कुमार के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान सभी एमटी महिलाओं को उनकी कार्यशैली में सुधार लाने के लिए टीम के द्वारा प्रोत्साहित किया गया। मरीजों को एंबुलेंस के अंदर ही सही तरीके से उपचार करना आदि बताया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आए सीएचसी प्रभारी कालपी डॉक्टर दिनेश बर्दिया ने एंबुलेंस के अंदर होने वाली डिलीवरी की दिक्कत व सामने आने वाली परेशानियों के बारे में भी बात की और कहा कि डिलीवरी करते समय अगर कभी भी कोई दिक्कत हो तो उस अस्पताल से संबंधित स्टाफ नर्स व डॉक्टर से सलाह लेते रहना चाहिए और मरीज को सुरक्षित डिलीवरी कराकर अस्पताल में भर्ती करवाना चाहिए और उन्होंने डिलीवरी कराते समय उपलब्ध रहने वाली जरूरी दवाओं के बारे में भी बताया।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**कुठौंद जालौन।** थाना क्षेत्र के बिजवाहा गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय बिजवाहा में 13 लाख रुपये से निर्माण किए जा रहे भवन में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवाकर जांच करने की मांग की। जानकारी के अनुसार विकास खण्ड कुठौंद के ग्राम विजुआवहा में शासन से बच्चों की सहूलियत के लिए पुराने जर्जर भवन को गिराकर नए भवन का निर्माण का हो रहा है और भवन के निर्माण के लिए शासन ने 13 लाख का बिल्डिंग निर्माण के लिए बजट दिया है। कमाल की बात ये है कि राज्य सरकार द्वारा एक लाख के ऊपर के कार्य टेंडर से कराए जाते हैं जबकि 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बिल्डिंग की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य को शिक्षा विभाग ने दे दी। इधर प्रधानाचार्य ने बिल्डिंग निर्माण का ठेका पेटी कॉन्ट्रेक्टर ठेकेदार को दे दिया, जिसके चलते ठेकेदार ने पीला ईंट लगाते हुए मानक विहीन बिल्डिंग का निर्माण शुरू कर दिया। शिक्षा का मन्दिर कहे जाने वाले स्कूल में भी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग के एक अधिकारी के संरक्षण में ठेकेदार मानक विहीन कार्य करवा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि अन्य निर्माण विभाग से निर्माणधीन भवन की जांच कराई जाए ताकि दोषी लोगों पर कार्रवाई की जा सके।

### बड़े बकायेदारों के काटे गए बिजली कनेक्शन

**कालपी( जालौन)।** उप्र. पावर कॉरपोरेशन के निर्देश पर विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की टीम के साथ अधिशासी अभियंता महेंद्र नाथ भारती ने बड़े बकायादार उपभोक्ताओं के प्रतिष्ठानों का कनेक्शन काटने का अभियान चलाया है। इस दौरान दो दर्जन से अधिक बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की गई। गुरुवार को चैकिंग अभियान के दौरान अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि आज पावरलूम के बड़े उपभोक्ताओं को चैकिंग अभियान के राडार में लेकर प्रतिष्ठानों की हकीकत परखी गई। कालपी के उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार वर्मा गठित विभागीय टीम ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी आदर्श राज के मुताबिक चिन्हित बकायादारों के संयोजनों को विच्छेद करने की कार्रवाई की गई है। अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। विभागीय सूत्रों के मुताबिक टरनंनगंज, राम चबूतरा, हरीगंज महमूदपुरा, बड़ा बाजार आदि मोहल्लों में वसूली अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभाग के द्वारा चार लाख से अधिक राजस्व वसूली की गई। रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फहमीद खान, अजय कुमार निगम आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे।



मतदाता जागरुकता के तहत निकाली गई रैली। अमृत विचार

# मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** मतदाता जागरुकता के अंतर्गत गुरुवार को विकासखंड महेवा के प्राथमिक विद्यालय बाबई एवं प्राथमिक विद्यालय सधारा में छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने ग्रामवासियों से वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर एसआर लोकेश पाल ने ग्रामवासियों से कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। सभी मतदाता 20 मई को अपना मतदान जरूर करें। प्राथमिक विद्यालय बाबई में प्रमुख रूप से प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार,सहायक अध्यापक नितेन्द्र त्रिपाठी व हेमलता उपाध्याय,ग्राम प्रधान अरविन्द जी तथा एसआरजी लोकेश पाल, एआरपी टीम महेवा राजकुमार सिंह, हरिओम द्विवेदी, मनीष राज, अरविंद खाबरी एवं प्राथमिक विद्यालय सुधार में प्रधानाध्यापक अरुण निरंजन और सहायक अध्यापक राम मूर्ति मिश्रा, धर्मेंद्र ,जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से दो छात्राएं घायल, रेफर

संवाददाता कालपी जालौन


अस्पताल में भर्ती छात्रा प्रियंका।

**अमृत विचार।** बाइक से महेवा स्थित इंटर कॉलेज में परीक्षा देने जा रही दो छात्राओं को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे दोनों छात्राएं घायल हो गई। एक छात्रा को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि दूसरी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। गुरुवार सुबह 9 बजे तहसील क्षेत्र के ग्राम कुटरा निवासिनी 15 वर्षीया प्रियंका पुत्री कैलाश व 13 वर्षीया पूनम पुत्री अशोक बाइक पर सवार होकर महेवा स्थित गुलजारी सिंह मदारी सिंह इंटर कॉलेज में क्रमशः नवीं व ग्यारहवीं की रसायन विज्ञान की परीक्षा देने जा रही थीं। तभी हर्रायपुर मोड़ पर सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने छात्राओं को टक्कर मार दी। इससे दोनों घायल हो गयीं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायल छात्राओं को सीएचसी में भर्ती कराया, वहीं दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर को ज्ञानभारती चौकी में खड़ा करा दिया। वहीं सीएचसी में पूनम को उपचार के उपरांत घर भेज दिया गया। दूसरी छात्रा प्रियंका की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# देश में बेरोजगारी चरम पर, पेपर होने से पहले ही हो जाता लीक

- नुक्कड़ सभा में बोले बीएसपी प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम
- काशीरामपुर, बरखेरा, बबीना हरचंदपुर आदि का किया दौरा

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


जनसम्पर्क करते बीएसपी प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीएसपी प्रत्यशी सुरेशचन्द्र गौतम ने गुरुवार को कालपी विधानसभा क्षेत्र का दौराकर लोगों से सम्पर्क किया। गौतम ने काशीरामपुर, बरखेरा, बबीना, कदौरा, हरचंदपुर, लोदीपुर, जामरेही, गोहना में नुक्कड़सभा की। जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, कालपी विधानसभा प्रभारी अतरसिंह पाल, जिला पंचायत सदस्य अकबरपुर इटौरा ने नुक्कड़सभा के माध्यम से बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में वोट देने का आह्वान किया। अतरसिंह पाल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ने पाल बघेल समाज को राजनितिक हिस्सेदारी देने का कार्य किया है। हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। लोकसभा प्रत्याशी सुरेशचन्द्र गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी दवे कुचले शोषित पीड़ित वंचितों कि आवाज है, वर्तमान सरकार कि स्थिति बहुत ही खराब है बेरोजगारी चरम सीमा पर है, पेपर होने से पहले लीक हो जाता हैं। कानून व्यवस्था फेल है। हम सब बहुजन समाज के लोगों में समाजिक भाईचारा बनाकर आपसी तालमेल बैठाने की जरूरत है। इस दौरान पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कदौरा जमीर आलम साहब,उदयवीर नन्ना पूर्व जिला महासचिव, राजेश गौतम विधानसभा अध्यक्ष होरी लाल गौतम आटा, कृपा शंकर बोस कालपी, जियाऊदीन विधानसभा उपाध्यक्ष, देवकरण पाल गोहाना, श्रीराम पाल आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्टी के नए जिलाध्यक्ष धीरेंद्र पर होगी बड़ी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के पहले प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने सेवादल के जिलाध्यक्ष रहे धीरेंद्र शुक्ला पर विश्वास और भरोसा जताते हुए उन्होंने जनपद जालौन के मुखिया की कमान सौंप दी। अब नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के सामने संगठन में चल रही गुटबाजी में एकजुटता कायम कर जोड़ने के लिए भारी मशक्कत का सामना झेलना पड़ेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला की पकड़ शहरी क्षेत्र मजबूत तो होना माना जा सकता है मगर ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी पकड़ आम जनता व पुराने कांग्रेसजनों से बहुत दूर मानी जाती है। जिसको मजबूत और संगठन में लोगों को जोड़ने के लिए दांतों चने चबाने पड़ सकते हैं। अब यह देखना है कि नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपनी मुहिम में कितने सफल हो सकते हैं। जिलाध्यक्ष के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपने लोगों को एकजुट करने की होगी।

# नाबालिग कर रहे काम नहीं हो रही कार्रवाई

**कालपी (जालौन )।** नगर क्षेत्रों व कस्बे से लेकर गांव तक बालश्रम पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिन बच्चों को स्कूलों में होना चाहिए, वे बच्चे खेतों व सड़कों पर सवारी वाहन चला रहे हैं। कई व्यापारियों के यहां मजदूरी कर रहे हैं। बाल श्रमिकों को जड़ से मिटाने के लिए साल दर साल नए-नए फरमान जारी होते हैं, राजनेता भी मंचों पर भाषण करते हैं, लेकिन बालश्रम कोई नहीं रुकवाता। परचूनी की दुकानों, मोटर मैकेनिक, होटलों, चाय की दुकानों, भट्टों, में बच्चे मजदूरी कर रहे हैं।

# हिरण के सींग, हाथीदांत का बुरादा पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


दुकान में काम करने वाले पकड़े गए।


बरामद किए गए सींग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एनजीओ की शिकायत पर वनविभाग की टीम ने गुरुवार को उरई कोतवाली के माहिल तालाब के समीप एक पंसारी की दुकान से प्रतिबंधित लकड़ी, हाथी दांत का बुरादा, हिरण के सींग पकड़े हैं। इसकी बाजार कीमत दस लाख रुपये बताई है। उरई शहर की नामचीन माहिल तालाब मार्केट में स्थित जड़ी बूटी की दुकान में वन विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा। अधिकारियों को देख दुकान में देखकर मालिक ओम प्रकाश गुप्ता अधिकारियों को चकमा देकर फरार हो गया। टीम ने दुकान से भारी मात्रा में वन्यजीवों के अंगों व पौधों के अंशों को बरामद किया है। दुकान में काम कर रहे चार लोगों को वनविभाग की टीम ने पकड़ा है। टीम ने दुकान से हिरण के सींग, हाथी दांत का बुरादा और प्रतिबंधित लकड़ी के टुकड़े बड़े पैमाने पर बरामद किए हैं। सामान की कीमत करीब दस लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है।

# ईद पर मस्जिद में ही पढ़ें नमाज

**कुठौंद।** उपनिरीक्षक शशांक वाजपेई की अध्यक्षता में नवरात्रि, ईद पर्व को ध्यान में रखते हुए पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना कुठौंद परिसर में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय नागरिक, मौलाना, हाजी, व्यापार मंडल के व्यापरी, ग्राम प्रधान व पत्रकार उपस्थित रहे। उप निरीक्षक शशांक बाजपेई ने त्योहार पर सभी के सहयोग की अपील की ताकि अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में कहा कि शासन के आदेशानुसार जुमे की नमाज मस्जिद के अंदर की जाएगी, सड़क पर या अन्य जगह भीड़भाड़ नहीं की जाएगी। बैठक कुठौंद प्रधान नरेंद्र महंत, बिचोली प्रधान महेश कुमार, मदारीपुर प्रधान प्रतिनिधि भारत सिंह मौलाना निसार अहमद मदारीपुर व पत्रकार अनूप मिश्रा, राजकुमार तिवारी, नारायण तिवारी, भगवान सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

**प्रदर्शन** — प्राइवेट बस संचालकों ने की हड़ताल, डग्गामार वाहनों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

# डग्गामार वाहनों का विरोध, बसों का चक्का जाम

कार्यालय संवाददाता उरई


हड़ताल के दौरान प्रदर्शन करते प्राइवेट बस संचालक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्राइवेट बस संचालकों ने गुरुवार को डग्गामार वाहनों के संचालन का विरोध करते हुए हड़ताल कर दी। नगर में सरकार के आदेश के बाद भी सैकड़ों डग्गामार वाहन संचालित हो रहे हैं। आरोप लगाया कि सैकड़ों डग्गामार वाहन, नगर में ईको, मैजिक व ऑटो चालक डग्गामारी कर वाहनों का संचालन कर रहे हैं। इससे प्राइवेट बसों को सवारियां नहीं मिल पाती हैं। जबकि प्राइवेट बस संचालक सरकार द्वारा निर्धारित परमिट शुल्क और यात्री शुल्क निर्धारित समय पर जमा करते हैं। डग्गामार वाहनों के संचालन को बंद कराए जाने की प्राइवेट बस संचालक यूनियन ने प्रशासन से मांग की है। प्राइवेट बसों की हड़ताल से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बस चालकों का कहना है कि पुलिस के संरक्षण में कोंच बस स्टैंड से झांसी, कालपी स्टैंड से कालपी-हमीरपुर के अलावा प्राइवेट बस स्टैंड उरई से जालौन की ओर डग्गामार वाहन चालक यात्रियों को ढोने का काम कर रहे हैं, जिसकी वजह से बसों को सवारियां नहीं मिल रही हैं। यहां कि बस में चलने वाले स्टाप का खर्चा तक नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि डग्गामार वाहनों पर रोक लगाई जाए।

### दिन भर बसों के लिए भटकते रहे लोग

बस संचालन नहीं होने से सवारियों के खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गुरुवार को दिनभर सवारियां इधर से उधर भटकती नजर आईं। वहीं बस संचालकों ने अपनी बसों को एक जगह रोककर प्रदर्शन किया।

### कार्रवाई की गई

**उरई।** बस संचालकों द्वारा की गई हड़ताल की घोषणा के बाद डीएम राजेश कुमार पांडेय ने संज्ञान लिया और आरटीओ को डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। जिस पर आरटीओ राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, दुर्गा शंकर, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, बीर बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी के सहयोग से संयुक्त रूप से कोंच मोटर बस स्टैण्ड उरई व शहर के आस-पास के स्थानों में बिना आवश्यक प्रपत्रों के संचालित हो रहे टाटा मैजिक, ईको वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर दर्जनों के चालान बनाए। साथ ही जनपद कानपुर देहात की 2 आटो जो कालपी, जनपद जालौन में संचालित पाई गईं उनको परमिट शर्तों के उल्लंघन के अभियोग में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मंडी परिसर कालपी में खड़ी किया।

# गल्ला मंडी के गेट पर रोजाना लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** शहर के मौनी मंदिर के पास राठरोड और गल्ला मंडी की ओर जाने वाले ओवरब्रिज के पास यातायात व वाहनों को नियंत्रण करने के लिए ट्रैफिक सिपाहियों की व्यवस्था फेल साबित हो रही है। ट्रैफिक पुलिस के बावजूद ओवरब्रिज पुल से लेकर गल्ला मंडी गेट राठरोड पर आये दिन वाहनों का जाम लगने से लोगों का निकलना दूभर होता जा रहा है। बताते चलें कि राठरोड तथा मंडी गेट पर जाम की स्थिति यह हो गयी कि छोटे वाहनों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जाम घंटों लगा रहता है, जिसको सुचारु करने के लिए कोई भी ट्रैफिक का सिपाही और होमगार्ड नजर नहीं आता है। लोगों ने प्रशासन से जाम की समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है।


गल्ला मंडी के गेट पर लगा जाम। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं आकाश प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रमान सिंह मूल निवासी – **ग्राम जिताई का पुरवा, पो0– बर्रा–ठर्रा, जनपद– कानपुर देहात** मेरा पैन कार्ड विपिन कुमार के नाम से था और आधार कार्ड और हाईस्कूल के प्रमाण पत्र अनुसार में आकाश प्रताप सिंह है। अतः पैन कार्ड में मेरा नाम संशोधित कर आकाश कुमार दर्ज किया जाय। – **आकाश प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह, निवासी– ग्राम जिताई का पुरवा, पो0– बर्रा–ठर्रा, जनपद– कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मालती देवी पुत्री रूपकिशोर, निवासिनी– घनश्यामपुर, पोस्ट– बहलोलपुर, तहसील व जिला फतेहपुर** मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2223481 है तथा इन्टरमीडियट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1677957 का अंकपत्र व सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **द्वारिका प्रसाद पुत्र गुरू प्रसाद, निवासी– हसनापुर, परगना – हिसामपुर, तहसील– कैसरगंज** विगत 26 वर्षो से लापता है जिनकी भूमि हसनापुर व पारापरसरामपुर मे है इनके भाई राजामान पुत्र गुरू प्रसाद ने वरासत का दावा प्रस्तुत किया है यदि द्वारिका प्रसाद जीवित हैं तो एक माह मे साक्ष्य सहित तहसीलदार कैसरगंज जनपद बहराइच के न्यायालय मे प्रस्तुत हों

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SAROJ था अब मैने बदलकर अपना नाम SAROJ KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: SANT LAL, VILL- TARSAND,POST-DHARMPUR, GAURABADA SHAHPUR, JAUNPUR, UTTAR PRADESH - 222001

**सूचना**

सूचित हो कि पालिसी संख्या 216160247 में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम काव्या दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में वैष्णवी गुप्ता दर्ज है। जिसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **शिवप्रकाश निवासी – कस्बा मोहनलालगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रियंका सिंह पुत्री ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, निवासिनी– मुंगारी, रामपुर, करछना, प्रयागराज,** मेरी हाईस्कूल वर्ष 2004 जीजीआईसी रामपुर, करछना, प्रयागराज, इंटरमीडिएट– 2006 बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर, करछना, प्रयागराज, बीए–2006 कानपुर विश्वविद्यालय, एमए –2008 सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, पूर्व में इलाहाबाद कृषि संस्थान,का मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

